# सृजन

## कक्षा-7

## अध्यापक सहायक-पुस्तिका

# 1 वह देश कौन-सा है

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** कविता में किस देश का वर्णन किया गया है?

उत्तर— भारत देश का।

**(ख)** भारत का मुकुट किसे कहा जाता है?

उत्तर— हिमालय को।

**(ग)** भारत की धरती किससे भरी पड़ी है?

उत्तर— अनंत धन से।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

जिसकी अनंत धन से धरती भरी पड़ी है,
संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है?
सबसे प्रथम जगत में जो सभ्य था यशस्वी,
जगदीश का दुलारा, वह देश कौन-सा है?

**(क)** कवि संसार का शिरोमणि बता रहा है—

अमेरिका को ☐ अपने आप को ☐ भारत देश को ☑ किसी को नहीं ☐

**(ख)** सबसे पहले भारत में ही आई—

रुपया ☐ सभ्यता ☑ वृक्ष ☐ फल ☐

**(ग)** कवि ने भारत को किसका दुलारा बताया—

नेताओं का ☐ जगदीश का ☑ अंग्रेजों का ☐ किसी का भी नहीं ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

भौगोलिक परिवेश के आधार पर इन देशों के उपनाम लिखो—

| | | | |
|---|---|---|---|
| जापान | **उगते सूरज का देश** | मिस्र | **नील का वरदान** |
| चीन | **ह्वांग्हो नदी का शोक** | कंबोडिया | **पगोड़ा की भूमि** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?
जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है?

**( क )** पंक्तियों में कवि ने किस देश का वर्णन किया है?

उत्तर— पंक्तियों में कवि ने भारत देश का वर्णन किया है।

**( ख )** भारत की प्रकृति कैसी है?

उत्तर— भारत की प्रकृति मनमोहिनी है।

**( ग )** भारत के चरण कौन धो रहा है?

उत्तर— भारत के चरण रत्नेश धो रहा है।

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

**( क )** नदियाँ जहाँ सुधा की **धरा बहा रही हैं** ,
सींचा हुआ **सलोना, वह देश कौन**–सा है?

**( ख )** जिसके बड़े रसीले **फल, कंद, नाज़** मेवे,
सब अंग **से सजे हैं, वह देश** कौन–सा है?

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** कविता के आधार पर शिक्षा और सभ्यता के क्षेत्र में भारत का क्या योगदान है?

उत्तर— भारत में ही सबसे पहले शिक्षा व सभ्यता का विकास हुआ है।

**( ख )** 'वह देश कौन–सा है' कविता के रचयिता कौन हैं?

उत्तर— 'वह देश कौन सा है' कविता के रचयिता रामनरेश त्रिपाठी हैं।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हिमालय | **गिरिराज** | **पर्वतराज** | चरण | **पग** | **पैर** |
| प्रसून | **पुष्प** | **कुसुम** | सेवक | **दास** | **अनुचर** |

**7. शुद्ध रूप पर ( ✓ ) लगाओ—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सवर्ग/स्वर्ग | सुगंध/सुंगध | चरण/चरन | सिरोमणि/शिरोमणि | मुकुट/मुकूट | पृथ्वी/परथवी |
| ✓ (स्वर्ग) | ✓ (सुगंध) | ✓ (चरण) | ✓ (शिरोमणि) | ✓ (मुकुट) | ✓ (पृथ्वी) |

**8. निम्नलिखित शब्द व्याकरण में क्या हैं? बताओ—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **( क )** | हिमालय | व्यक्तिवाचक संज्ञा | ✓ | जातिवाचक संज्ञा | |
| **( ख )** | सुंदर | लिंग | | विशेषण | ✓ |
| **( ग )** | वह | सर्वनाम | ✓ | संज्ञा | |
| **( घ )** | हँस | विशेषण | | क्रिया | ✓ |

# 2 सवा सेर गेहूँ

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** शंकर कौन था?

उत्तर— सीधा–सादा गरीब किसान।

**( ख )** संध्या समय शंकर के द्वार पर किसने डेरा जमाया?

उत्तर— महात्मा ने।

**( ग )** शंकर ने गेहूँ किससे उधार लिए?

उत्तर— गाँव के विप्र महाराज से।

**( घ )** शंकर ने विप्र जी से कितने गेहूँ लिए थे और सात वर्ष बाद वह कितने हो गए?

उत्तर— सवा सेर गेहूँ लिए थे जो सात वर्ष में साढ़े पाँच मन हो गए।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

सात वर्ष बीत गए। एक दिन शंकर मजूरी करके लौटा, तो राह में विप्र जी ने टोककर कहा—''शंकर, कल आकर अपने बीज-बेंग का हिसाब कर ले। तेरे यहाँ साढ़े पाँच मन गेहूँ कब के बाकी पड़े हुए हैं तू देने का नाम नहीं लेता, हजम करने का मन है क्या?''

**( क )** शंकर लौट रहा था—

घर से ☐ खेतों पर से ☐

मजूरी करके ☑ विप्र के घर से ☐

**( ख )** शंकर को रास्ते में मिले—

छोटे भाई के बच्चे ☐ छोटा भाई व उसकी पत्नी ☐

गाँव के विप्र जी ☑ अपने बच्चे ☐

**( ग )** विप्र जी ने शंकर के ऊपर कितने गेहूँ बताए—

साढ़े पाँच मन ☑ दो मन ☐ आठ मन ☐ तीन मन ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

प्राचीन वजन प्रणाली के नाम लिखो—

| | | |
|---|---|---|
| एक पाव | = | **250 ग्राम** |
| एक सेर | = | **लगभग सवा किलो** |
| धड़ी | = | **5 किलो** |
| मन | = | **40 किलो** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

शंकर ने विप्र जी के यहाँ बीस वर्ष तक गुलामी करने के बाद इस दुस्सार संसार से प्रस्थान किया। एक सौ बीस रुपये अभी तक उसके सिर पर सवार थे। पंडित जी ने उस गरीब को ईश्वर के दरबार में कष्ट देना उचित न समझा। इतने अन्यायी, इतने निर्दयी वे न थे। उसके जवान बेटे की गरदन पकड़ी। आज तक वह विप्र जी के यहाँ काम करता है। उसका उद्धार कब होगा, होगा भी या नहीं, ईश्वर ही जाने।

**( क )** शंकर ने विप्र जी के यहाँ कितने वर्ष गुलामी की?

उत्तर— शंकर ने विप्र जी के यहाँ बीस वर्ष तक गुलामी की।

**( ख )** 'पंडित जी ने उस गरीब को ईश्वर के दरबार में कष्ट देना उचित न समझा।' से लेखक का क्या आशय है?

उत्तर— यह वाक्य लेखक ने व्यंग्य के रूप में कहा है क्योंकि विप्र जी ने शंकर के मर जाने पर उसके बदले में उसके बेटे से काम लेना प्रारंभ कर दिया था।

**( ग )** अभी भी शंकर पर विप्र जी के कितने रुपये बाकी हैं?

उत्तर— अभी भी शंकर विप्र जी के पर एक सौ बीस रुपये बाकी हैं।

**( घ )** अब शंकर का ऋण कौन उतार रहा है?

उत्तर— अब शंकर का ऋण उसका बेटा उतार रहा है।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) वर्तमान युग में जौ का भोजन सिद्ध पुरुषों के लिए **दुष्पाच्य** होता है।

(ख) विप्र महाराज साल में दो बार **खलिहानी** किया करते थे।

(ग) शिशिर की **अस्थिबेधक** शीत को उसने आग ताप कर काट दिया।

(घ) आशा ही संसार की **संचालक** शक्ति है।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) शंकर किस प्रकार का व्यक्ति था?

उत्तर— शंकर सीधा-सादा गरीब आदमी था। अपने काम से काम रखता था। छल-प्रपंच की उसे छूत न लगी थी। भोजन मिला खा लिया। न मिला चबेने पर काट दी। चबेना न मिला तो पानी पी लिया। राम नाम लेकर सो गया। किसी अतिथि के आने पर वह खुद भूखा सो जाता था पर अतिथि को भूखा न जाने देता था।

(ख) शंकर ने महात्मा की आवभगत किस प्रकार की?

उत्तर— शंकर ने गाँव के विप्र महाराज से सवा सेर गेहूँ उधार लाकर महात्मा को भोजन कराया।

(ग) विप्र की कौन-सी बात सुनकर शंकर अवाक् रह गया?

उत्तर— विप्र द्वारा सात वर्ष पहले के सवा सेर गेहूँ का जिक्र सुनकर शंकर अवाक् रह गया।

(घ) विप्र ने दस्तावेज में क्या शर्तें लिखीं?

उत्तर— विप्र ने दस्तावेज में शर्तें लिखीं कि बाजार भाव पाँच सेर का है जिसके आधार पर गेहूँ का मूल्य हुआ साठ रुपये तथा उस पर तीन रुपये सैकड़े का सूद। साल भर में न देने पर सूद की दर साढ़े तीन रुपये सैकड़ा होगी।

(ङ) ऋण चुकाने के लिए अंततः शंकर को क्या करना पड़ा?

उत्तर— ऋण चुकाने के लिए अंततः शंकर को उम्र भर के लिए विप्र की गुलामी करनी पड़ी।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. सर्वनाम रेखांकित करो और भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | <u>मैं</u> यह रोग नहीं पालता। | **पुरुषवाचक सर्वनाम** |
| (ख) | <u>उसे</u> अब रुपये अदा करने की चिंता नहीं थी। | **पुरुषवाचक सर्वनाम** |
| (ग) | <u>किसी</u> से उधार लिए क्या? | **प्रश्नवाचक सर्वनाम** |
| (घ) | <u>जितना</u> लाया हूँ, <u>उतना</u> रख लीजिए। | **संबंधवाचक सर्वनाम** |

**8. संधि विच्छेद करो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| निर्मल | **निः + मल** | संकल्प | **सम् + कल्प** |
| महात्मा | **महा + आत्मा** | संसार | **सम् + सार** |

**9. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उऋण | **ऋण** | दुष्पाच्य | **सुपाच्य** |
| वर्तमान | **भूतकाल** | आशीर्वाद | **शाप** |
| दोषी | **निर्दोष** | गुलामी | **आजादी** |

**10. रचना के आधार पर शब्द भेद लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पीतांबर | **योगरूढ़** | प्राचीनकाल | **यौगिक** |
| कुलमर्यादा | **योगरूढ़** | भगीरथ | **रूढ़** |

**11. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| भीषण | महाभारत में कौरवों एवं पांडवों के बीच **भीषण** युद्ध हुआ। |
| शरण | एकलव्य धनुर्विद्या सीखने के लिए गुरु द्रोणाचार्य की **शरण** में जाना चाहता था। |
| प्रपंच | रेखा ने मीरा के विरुद्ध कोई **प्रपंच** रचा। |
| अचूक | अर्जुन का निशाना **अचूक** था। |

# 3 राजा भोज का सपना

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** सत्य राजा को कहाँ ले गया?

उत्तर— मंदिर के ऊँचे दरवाजे पर ले गया।

**(ख)** वह कौन-सा प्रश्न है जिससे राजा भोज प्रसन्न हो गए?

उत्तर— राजा ने पुण्य कर्म कौन-कौन से किए हैं?

**(ग)** राजा को सपने में क्या दिखा?

उत्तर— तीन ऊँचे पेड़।

**(घ)** जैसे ही सत्य ने पेड़ को छूने के लिए हाथ बढ़ाया क्या हुआ?

उत्तर— सारे फल जैसे आसमान से ओले गिरते हैं उसी तरह धरती पर गिर पड़े। पेड़ों पर पत्तों के सिवाय कुछ न रहा।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

कहने वाले ने ठीक ही कहा है कि मनुष्य, मनुष्य के कर्मों से उसके मन की भावना का विचार करता है और ईश्वर मनुष्य के मन की भावना के अनुसार उसके कर्मों का हिसाब लेता है। तू अच्छी तरह जानता है कि यही न्याय तेरे राज्य की जड़ है। जो न्याय न करे तो फिर वह राज्य तेरे हाथ में कैसे रह सके? जिस राज्य में न्याय नहीं, वह तो बेनींव का घर है, जो बुढ़िया के दाँतों की तरह हिलता है, अब गिरा, तब गिरा!"

**(क)** ईश्वर मनुष्य के मन की भावना के अनुसार लेता है—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धन | ☐ | प्रसाद | ☐ | कर्मों का हिसाब | ✓ | सभी | ☐ |

**(ख)** भोज के राज्य की जड़ है—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्याय | ☐ | भ्रष्टाचार | ☐ | व्यापार | ☐ | न्याय | ✓ |

**(ग)** जिस राज्य में न्याय नहीं, वह तो घर है—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिना बच्चों का | ☐ | बिना सदस्यों का | ☐ | बिना प्यार का | ☐ | बिना नींव का | ✓ |

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. दिए गए शब्द जाल में से दस पेड़ों के नाम ढूँढ़ो—**

कीकर, देवदार, नीम, गुलमोहर, बरगद

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ट | की | क | र | दे | मि | ह | आ |
| मा | ली | रे | र | व | शी | श | म |
| ट | नी | म | ग | दा | के | ट | ल |
| गु | ल | मो | ह | र | ल | से | ब |
| ब | र | ग | द | च | की | प | बू |
| क | ट | ह | ल | दे | पी | प | ल |

पीपल, शीशम, बबूल, आम, कटहल

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

जब मुँडेरों पर पहुँचा तो देखता है कि वे सारे जानवर, जो दूर से सुंदर दिखलाई देते थे, मरे पड़े हैं। पंख नुचे-खुचे और बहुतेरे बिल्कुल सड़े हुए।

सत्य बोला, "बस, यही तेरे पुण्य कर्म हैं ? इसी स्तुति-वंदना और विनती-प्रार्थना के भरोसे तू स्वर्ग में जाना चाहता है? सूरत तो इनकी बहुत अच्छी है, पर जान बिल्कुल नहीं। तूने जो कुछ किया, केवल लोगों को दिखाने को किया। जी से कुछ भी नहीं। जो तूने एक बार भी जी से पुकारा होता कि दीनबंधु! दीनानाथ! दीनहितकारी! तू मुझ पापी, अपराधी, डूबते हुए को बचा और मुझ पर कृपा-दृष्टि कर तो तेरी वह पुकार तीर की तरह तारों के पार पहुँची होती।"

**(क)** मुँडेरों पर पहुँचकर राजा ने क्या देखा?

उत्तर— मुँडेरों पर पहुँचकर राजा ने देखा कि वे सारे जानवर, जो दूर से सुंदर दिखलाई देते थे, मरे पड़े हैं। पंख नुचे-खुचे और बहुतेरे बिल्कुल सड़े हुए हैं।

**(ख)** सत्य ने राजा भोज को स्वर्ग में जाने योग्य क्यों नहीं समझा?

उत्तर— सत्य ने राजा को स्वर्ग में जाने योग्य नहीं समझा क्योंकि उसने जो कुछ भी किया था वह केवल लोगों को दिखाने के लिए किया था।

**(ग)** राजा भोज की स्तुति में क्या कमी रह गई थी?

उत्तर— राजा भोज ने एक बार भी ईश्वर को जी से नहीं पुकार कि दीनबंधु! दीनानाथ! दीनहितकारी! तू मुझे पापी, अपराधी डूबते हुए को बचा और मुझ पर कृपा-दृष्टि करो।

**(घ)** 'दीनबंधु' में समास विग्रह करो व समास का भेद लिखो।

उत्तर— दीनबंधु = **समास विग्रह**—दीनों का बंधु (मित्र); **समास का नाम**—तत्पुरुष समास।

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** राजा किसे देखकर काँप उठे?

उत्तर— राजा सत्य को देखकर काँप उठे।

**(ख)** सत्य ने अपना परिचय किस प्रकार दिया?

उत्तर— सत्य ने अपना परिचय दिया कि वह अंधों की आँखें खोलता है। वह उनके आगे से धोखे की पट्टी हटाता है। वह मृग तृष्णा के भटके हुओं का भ्रम मिटाता है, और सपने के भूले हुओं को नींद से जगाता है।

**(ग)** पेड़ों को देखकर राजा भोज ने सत्य से क्या कहा?

उत्तर— पेड़ों को देखकर राजा भोज ने सत्य से कहा कि वह ईश्वर की भक्ति और जीवों पर दया अर्थात् ईश्वर और मनुष्य दोनों की प्रीती के पेड़ हैं। पहले में वे लाल-लाल फल उसके दान से दूसरे में वे पीले-पीले फल उसके न्याय से और तीसरे में सफेद फल उसके तप का प्रभाव दिखलाते हैं।

**(घ)** सत्य ने तीनों पेड़ों के बारे में राजा भोज से क्या कहा?

उत्तर— सत्य ने तीनों पेड़ों के बारे में राजा भोज से कहा कि ये उसके तप के फल कदापि नहीं हैं इनको तो इस पेड़ पर उसके अंहकार ने लगा रखा था।

**(ङ)** मुँडेर पर बैठे पक्षियों के बारे में राजा भोज ने क्या कहा?

उत्तर— मुँडेर पर बैठे पक्षियों के बारे में राजा भोज ने कहा कि ये उसकी संध्या वंदना का प्रभाव हैं। उसने जिन रातों को जाग-जागकर और माथा रगड़ते-रगड़ते इस मंदिर की देहली को घिसकर ईश्वर की स्तुति, वंदना और विनती की है वह अब चिड़ियों की तरह पंख फैलाकर आकाश को जाती है, मानो ईश्वर के सामने पहुँचकर उसे स्वर्ग का राजा बनाती है।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. सर्वनाम शब्द रेखांकित करो—**

**(क)** उसने औरों को भूला समझा था?

**(ख)** मेरे तेज से मोम पिघल गया।

**(ग)** वे सारे जानवर मरे पड़े हैं।

**(घ)** राजा क्या देख रहा है?

**7. अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्द पूरा करो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मदिर | **मंदिर** | पख | **पंख** |
| मुडेर | **मुँडेर** | पहुची | **पहुँची** |
| सुदर | **सुंदर** | चाद | **चाँद** |

**8. 'ईय' प्रत्यय लगाकर शब्द बनाओ—**

| | |
|---|---|
| ईश्वर | **ईश्वरीय** |
| आकाश | **आकाशीय** |
| देवी | **दैवीय** |
| स्वर्ग | **स्वर्गीय** |

**9. समानार्थी शब्दों से मेल मिलाओ—**

| | |
|---|---|
| प्रशंसा | दंत |
| प्रार्थना | बड़ाई |
| दाँत | स्वप्न |
| सपने | निवेदन |

**10. शब्दों का वाक्यों मे प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| कोष | राज **कोष** सदैव हीरे–जवाहरातों से भरे रहते हैं। |
| प्रयोजन | मेघा के आगरा जाने का क्या **प्रयोजन** है? |
| निदान | राहुल के हाईस्कूल में अनुत्तीर्ण होने का कोई **निदान** तो होगा। |
| पश्चात्ताप | अंत में राजा भोज को **पश्चात्ताप** हुआ। |

# 4 राजेंद्र बाबू

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** लेखिका को राजेंद्र बाबू के पहली बार दर्शन कहाँ हुए?

उत्तर— पटना स्टेशन पर।

**(ख)** राजेंद्र बाबू ने लेखिका से क्या अनुरोध किया?

उत्तर— राजेंद्र बाबू ने लेखिका से अनुरोध किया कि वह उनकी पौत्रियों को अपने छात्रावास में रखकर उन्हें विद्यापीठ की परीक्षाओं में बैठा सके तो उन्हें भी विद्या प्राप्त हो जाएगी।

**( ग )** लेखिका ने पाठ में किस जमींदार प्रथा का वर्णन किया है?

उत्तर— बंधुओं को घंटों सिर नीचा करके बैठना पड़ता था।

**( घ )** महिला विद्यापीठ में राजेंद्र बाबू की पौत्रियाँ किस प्रकार रहती थीं?

उत्तर— सादगी और संयम से रहती थीं।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

राजेंद्र बाबू और उनकी सहधर्मिणी सप्ताह में एक दिन अन्न ग्रहण नहीं करते थे। संयोग से मैं उनके उपवास के दिन ही पहुँची। अत: उनकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक थी कि मैं कैसा भोजन पसंद करूँगी। उपवास में साथ देने के कारण मैंने भी निरन्न भोजन की इच्छा प्रकट की। फलाहार के साथ उत्तम खाद्य पदार्थों की कल्पना स्वाभाविक रहती है। सामान्यत: हमारा उपवास अन्य दिनों के भोजन की उपेक्षा अधिक व्यय-साध्य हो जाता है क्योंकि हम भाँति-भाँति के फल, मेवे, मिष्ठान आदि एकत्र कर लेते हैं।

**( क )** राजेंद्र बाबू और उनकी सहधर्मिणी सप्ताह में एक दिन ग्रहण नहीं करते थे—

जल ☐ फल ☐ अन्न ☑ दूध ☐

**( ख )** लेखिका राजेंद्र बाबू के यहाँ पहुँची—

जिस दिन वे घर पर नहीं थे ☐ जिस दिन उनका उपवास था ☑

जिस दिन उनके यहाँ शादी थी ☐ जिस दिन वे बीमार थे ☐

**( ग )** अन्य दिनों के भोजन की अपेक्षा अधिक व्यय साध्य हो जाता है—

सोमवार का दिन ☐ उपवास का दिन ☑ मंगलवार का दिन ☐ रविवार का दिन ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

**( क )** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम— **पं० जवाहरलाल नेहरू**

**( ख )** वर्तमान प्रधानमंत्री का नाम— **डॉ० मनमोहन सिंह**

**( ग )** स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति का नाम— **श्रीमती प्रतिभा पाटिल**

**( घ )** वर्तमान राष्ट्रपति का नाम— **श्री प्रणब मुखर्जी**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

मैं प्रयाग में बी०ए० की विद्यार्थी थी और शीतावकाश में अपने घर भागलपुर जा रही थी। पटना में भाई के मिलने की बात थी; अत: स्टेशन पर कुछ घंटे बिताने पड़े। स्टेशन के एक ओर तीन पैर वाली बैंच पर देहातियों की वेशभूषा में, परंतु कुछ नागरिकजनों से घिरे सज्जन जो विराजमान थे, उनकी ओर मेरी विहंगम दृष्टि जाकर लौट आई। वास्तव में भाई से यह जानने के उपरांत कि उक्त सज्जन ही राजेंद्र बाबू हैं, मुझे अभिवादन का ध्यान आया।

**( क )** लेखिका किस कक्षा की विद्यार्थी थी?

उत्तर— लेखिका बी० ए० कक्षा की विद्यार्थी थी।

**( ख )** लेखिका कहाँ जा रही थी?

उत्तर— लेखिका भागलपुर जा रही थी।

**( ग )** लेखिका का भाई उन्हें कहाँ मिलना था?

उत्तर— लेखिका का भाई उन्हें पटना में मिलना था।

**( घ )** लेखिका को अपने भाई से क्या पता चला?

उत्तर— लेखिका को अपने भाई से पता चला कि स्टेशन पर देहाती वेशभूषा में नागरिक जनों से घिरे जो सज्जन विराजमान हैं, वे राजेंद्र बाबू हैं।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** लेखिका ने राजेंद्र बाबू का चित्र किन शब्दों में अंकित किया?

उत्तर— काले घने पर छोटे कटे हुए बाल, चौड़ा मुख, चौड़ा माथा, घनी भृकुटियों के बीच बड़ी आँखें, मुख के अनुपात में कुछ भारी नाक, कुछ गोलाई लिए चौड़ी ठुड्डी, कुछ मोटे पर सुडौल होंठ, गेहुँआ वर्ण, बड़ी-बड़ी मूँछें। हाथ-पैर, शरीर सबसे लंबे एक ऐसी विशेषता को दृष्टि को अनायास आकर्षित कर लेती थी।

**(ख)** लेखिका ने राजेंद्र बाबू और जवाहरलाल नेहरू की तुलना किस रूप में की है?

उत्तर— लेखिका ने राजेंद्र बाबू और जवाहरलाल नेहरू की तुलना अस्त-व्यस्तता के रूप में की है। जवाहर जी की अस्त-व्यस्तता भी व्यवस्था से निर्मित थी। किंतु राजेन्द्र बाबू की व्यवस्था ही अस्त-व्यस्तता का पर्याय थी।

**(ग)** राजेंद्र बाबू अपनी पौत्रियों को दिल्ली क्यों नहीं ले गए?

उत्तर— राजेंद्र बाबू अपनी पौत्रियों की दिल्ली इसलिए नहीं ले गए जिससे अहंकार से उनकी पौत्रियों का दिमाग खराब न हो जाए।

**(घ)** राजेंद्र बाबू की पत्नी ने लेखिका को दिल्ली आने का निमंत्रण देते समय क्या लाने का आदेश दिया?

उत्तर— राजेंद्र बाबू की पत्नी ने लेखिका को दिल्ली आने का निमंत्रण देते समय प्रयाग से सिरकी के बने एक दर्जन सूप लाने का आदेश दिया।

**(ङ)** राजेंद्र बाबू ने उपवास के दिन कैसा भोजन किया?

उत्तर— राजेन्द्र बाबू ने उपवास के दिन उबले आलू खाए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. हिंदी में क्रिया शब्द प्रायः वाक्य के अंत में होते हैं। कभी यह केवल एक शब्द होता है तो कभी दो या उससे भी अधिक। जैसे—**

**(क)** कर्त्तव्य विलास नहीं, कर्मनिष्ठा **है**। (एक शब्द)

**(ख)** मन की सरल स्वच्छता ने उन्हें अजातशत्रु **बना दिया**। (दो शब्द)

**(ग)** वे बिना विचलित हुए शांत भाव से प्रत्येक को उसका प्राप्य **देती चलती थीं**। (तीन शब्द)

**7. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द रेखांकित करो—**

**(क)** वे दिल्ली <u>गईं</u>।

**(ख)** वे महिला विद्यापीठ महाविद्यालय का भवन शिलान्यास करने प्रयाग <u>आए थे</u>।

**(ग)** वह उसी स्थिति में <u>लटका रह गया</u>।

**(घ)** हमारा उपवास अन्य दिनों के भोजन की अपेक्षा अधिक व्यय-साध्य <u>हो जाता है</u>।

**8. संधि विच्छेद करो व उनके भेद लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संतोष | **सम् + तोष (व्यंजन संधि)** | स्वच्छदंता | **स्वः + छंदता (विसर्ग संधि)** |
| फलाहार | **फल + आहार (स्वर संधि)** | सज्जन | **सत् + जन (व्यंजन संधि)** |

**9. समास विग्रह करो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रपति-भवन | **राष्ट्रपति का भवन** | रसोई-घर | **रसोई के लिए घर** |
| स्वामी-सेवक | **स्वामी और सेवक** | निरान्न | **बिना अन्न के** |

**10. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| व्यय | राहुल को अपनी आय के अनुसार **व्यय** करना चाहिए। |
| उपवास | कल राजा का एकादशी का **उपवास** रहेगा। |
| परिवर्तन | मौसम में समय-समय पर **परिवर्तन** होता रहता है। |
| अभिवादन | कक्षाचार्य के आने पर सभी विद्यार्थियों ने उनका **अभिवादन** किया। |

# सतत मूल्यांकन-I (Continuous Evaluation-I) (पाठ 1 से 4)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) भारत की धरती किससे भरी पड़ी है?

उत्तर— अनंत धन से।

(ख) शंकर ने गेहूँ किससे उधार लिए?

उत्तर— गाँव के विप्र महाराज से।

(ग) सत्य राजा को कहाँ ले गया?

उत्तर— मंदिर के ऊँचे दरवाजे पर ले गया।

(घ) लेखिका को राजेंद्र बाबू के पहली बार दर्शन कहाँ हुए?

उत्तर— पटना स्टेशन पर।

(ङ) राजेंद्र बाबू ने लेखिका से क्या अनुरोध किया?

उत्तर— राजेंद्र बाबू ने लेखिका से अनुरोध किया कि वह उनकी पौत्रियों को अपने छात्रावास में रखकर उन्हें विद्यापीठ की परीक्षाओं में बैठा सके तो उन्हें भी विद्या प्राप्त हो जाएगी।

**2. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) कवि संसार का शिरोमणि बता रहा है—

अमेरिका को ☐ अपने आप को ☐ भारत देश को ☑ किसी को नहीं ☐

(ख) शंकर को रास्ते में मिले—

छोटे भाई के बच्चे ☐ छोटा भाई व उसकी पत्नी ☐

गाँव के विप्र जी ☑ अपने बच्चे ☐

(ख) भोज के राज्य की जड़ है—

अन्याय ☐ भ्रष्टाचार ☐ व्यापार ☐ न्याय ☑

(क) राजेंद्र बाबू और उनकी सहधर्मिणी सप्ताह में एक दिन ग्रहण नहीं करते थे—

जल ☐ फल ☐ अन्न ☑ दूध ☐

**3. 'वह देश कौन-सा है' कविता सुनाओ।**

**4. बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**सोचो और बताओ—**

(क) स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम— **पं० जवाहरलाल नेहरू**

(ख) वर्तमान प्रधानमंत्री का नाम— **डॉ० मनमोहन सिंह**

(ग) स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति का नाम— **श्रीमती प्रतिभा पाटिल**

(घ) वर्तमान राष्ट्रपति का नाम— **श्री प्रणब मुखर्जी**

5

# मैंने बस चलना सीखा है

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही के उत्तर बताओ—**

**(क)** 'मैंने बस चलना सीखा है' कविता के रचयिता कौन हैं?

उत्तर— गोपालदास नीरज।

**(ख)** क्या साहसी व्यक्ति कठिनाइयों से घबरा जाता है?

उत्तर— नहीं।

**(ग)** कविता का केंद्रीय भाव क्या है?

उत्तर— हमें हमेशा आगे बढ़ना चाहिए कठिनाइयों के सामने हार नहीं माननी चाहिए।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

कहीं छिपा दो मंजिल मेरी चारों ओर तिमिर-घन छाकर,
चाहे उसे राख कर डालो नभ से अंगारे बरसाकर,
पर मानव ने तो पग के नीचे मंजिल रखना सीखा है।
मैंने बस चलना सीखा है।

**(क)** कवि ने नहीं सीखा है—

रुकना ✓ लिखना ☐ पढ़ना ☐ चलना ☐

**(ख)** कवि अँधकार में क्या छिपाने को कह रहा है—

रस्सी ☐ रास्ता ☐ मंजिल ✓ सभी ☐

**(ग)** नभ से क्या बरसाने को कह रहा है—

बारिश ☐ ओले ☐ फूल ☐ अंगारे ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. गोपालदास 'नीरज' ने अनेक फिल्मी गीत लिखे हैं। दिए गए गीतों की फिल्म का नाम लिखो—**

| | |
|---|---|
| ऐ भाई जरा देख के चलो। | **मेरा नाम जोकर** |
| खिलते हैं गुल यहाँ खिल के बिखरने को। | **शर्मीली** |
| फूलों के रंग से दिल की कलम से। | **प्रेम पुजारी** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

कब तक ठहर सकेंगे मेरे सम्मुख ये तूफान भयंकर,
कब तक मुझसे लड़ पाएगा इंद्रराज का वज्र प्रखरतर,
मानव की ही अस्थि मात्र से वज्रों ने बनना सीखा है।
मैंने बस चलना सीखा है।

**( क )** कवि के सम्मुख क्या नहीं ठहर सकेंगे?

उत्तर— कवि के सम्मुख तूफान नहीं ठहर सकेंगे।

**( ख )** कवि से कौन लड़ रहा है?

उत्तर— कवि से इंद्रराज लड़ रहा है।

**( ग )** कवि अपना अस्त्र किसे बनाएगा?

उत्तर— कवि अपना अस्त्र मानव की अस्थि को बनाएगा।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

देखूँ कौन करेगा नीचा **मेरा उन्नत अमर भाल** यह,
इतना ही है मुझे **मिला दे मिट्टी में बस क्रूर काल** यह,
पर इस जग की मिट्टी ने भी **देवों पर चढ़ना सीखा** है।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** कवि के अनुसार मानव की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?

उत्तर— कवि के अनुसार मानव को सबसे बड़ी विशेषता आगे बढ़ना है।

**( ख )** कविता में कवि ने जीवन पथ में आने वाली किन कठिनाइयों की ओर संकेत किया है?

उत्तर— कविता में कवि ने जीवन पथ में काँटे, निष्ठुरता, अंधकार, तूफान आदि कठिनाइयों की ओर संकेत किया है।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. तुक बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| छाकर | **बरसाकर** | भाल | **काल** |
| बिछाओ | **बुझाओ** | पाएगा | **जाएगा** |

**8. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्मुख | **सामने** | तिमिर | **अंधकार** |
| पथ | **रास्ता** | घन | **बादल** |

**9. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आज | **कल** | नीचा | **ऊँचा** |
| तिमिर | **उजला** | क्रूर | **अक्रूर** |
| कटु | **मृदु** | सम्मुख | **विमुख** |

**10. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| अमर | महात्मा गांधी भारतीय इतिहास में हमेशा **अमर** रहेंगे। |
| मंजिल | हमें कठिनाइयों का सामना करके **मंजिल** तक पहुँचना है। |
| धुँधला | बिना चश्मे के मेरे दादा जी को **धुँधला** दिखाई देता है। |
| भयंकर | मसूरी में **भयंकर** सर्दी पड़ती है। |

# 6 क्या निराश हुआ जाए

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही के उत्तर बताओ—**

**(क)** लेखक का मन कब बैठ जाता है?

उत्तर— समाचार पत्रों में ठगी, डकैती, चोरी और भ्रष्टाचार के समाचार पढ़कर।

**(ख)** एक बहुत बड़े आदमी ने लेखक से क्या कहा था?

उत्तर— सुखी वही है जो कुछ नहीं करता, जो कुछ भी करेगा उसमें लोग दोष खोजने लगेंगे। उसके सारे गुण भुला दिए जाएँगे और दोषों का बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाने लगेगा। दोष किसमें नहीं होते? यही कारण है कि हर आदमी दोषी अधिक दिख रहा है गुणी कम या बिलकुल ही नहीं।

**(ग)** आजकल के माहौल में कैसे लोग पिस रहे हैं?

उत्तर— ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं।

**(घ)** ईमानदारी को किसका पर्याय माना जाने लगा है?

उत्तर— मूर्खता का।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

भारतवर्ष सदा कानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है। आज एकाएक कानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है। धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, कानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि जो लोग धर्मभीरू हैं, वे कानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।

**(क)** भारतवर्ष सदा कानून को किसके रूप में देखता है—

देवी के रूप में ☐ भगवान के रूप में ☐ धर्म के रूप में ☑ सभी ☐

**(ख)** धोखा दिया जा सकता है—

धर्म को ☐ कानून को ☑ किसी को नहीं ☐ सभी को ☐

**(ग)** कानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते—

धर्मभीरू ☑ पक्षी ☐ जानवर ☐ सभी ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. कुछ वाहनों के नाम यहाँ दिए गए हैं। उनके नाम में वर्णों का स्थान उलट-पलट गया है। वर्णों को उचित क्रम में लगाकर वाहनों के नाम पता करो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | रका | **कार** | (ख) | गारेड़ील | **रेलगाड़ी** |
| (ग) | याअंनतक्षरि | **अंतरिक्षयान** | (घ) | यायुवान | **वायुयान** |
| (ङ) | इलकिसा | **साइकिल** | (च) | टस्कूर | **स्कूटर** |
| (छ) | सब | **बस** | (ज) | मरस्टीम | **स्टीमर** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

एक बार रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते हुए गलती से मैंने दस के बजाए सौ रुपये का नोट दिया और मैं जल्दी-जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गया। थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ। उसने मुझे

पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ मेरे हाथ में नब्बे रुपये रख दिए और बोला, ''यह बहुत गलती हो गई थी। आपने भी नहीं देखा, मैंने भी नहीं देखा।'' उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी। मैं चकित रह गया।

**(क)** रेलवे स्टेशन पर लेखक से क्या गलती हो गई?

उत्तर— रेलवे स्टेशन पर लेखक ने टिकट लेते हुए दस के बजाए सौ रुपये का नोट दे दिया।

**(ख)** टिकट बाबू डिब्बे में आकर प्रत्येक आदमी का चेहरा क्यों देख रहे थे?

उत्तर— टिकट बाबू डिब्बे में आकर प्रत्येक आदमी का चेहरा देख रहे थे क्योंकि वे नब्बे रुपये लौटाना चाहते थे।

**(ग)** टिकट बाबू ने लेखक से क्या कहा?

उत्तर— टिकट बाबू ने लेखक से कहा कि यह बहुत गलती हो गई थी। आपने भी नहीं देखा, उसने भी नहीं देखा।

**(घ)** ''टिकट बाबू के चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी।'' क्यों?

उत्तर— टिकट बाबू के चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी क्योंकि उन्होंने लेखक के वे नब्बे रुपये लौटा दिए थे जो गलती से उसके पास रह गए थे।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** गंतव्य से कोई आठ किलोमीटर पहले ही एक निर्जन **सुनसान** स्थान में बस ने जवाब दे दिया।

**(ख)** कंडक्टर ऊपर गया और एक **साइकिल** लेकर चलता बना।

**(ग)** कुछ नौजवानों ने **ड्राइवर** को पकड़कर मारने-पीटने का हिसाब बनाया।

**(घ)** मेरे बच्चे भोजन और पानी के लिए **व्याकुल** थे।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** लेखक ने लोगों की आस्था के डगमगाने का क्या कारण बताया है?

उत्तर— लेखक ने लोगों की आस्था के डगमगाने का कारण बताया कि ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरू और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है।

**(ख)** लोग ड्राइवर को क्यों पीटना चाहते थे?

उत्तर— लोग ड्राइवर को पीटना चाहते थे क्योंकि उन्हें संदेह था कि उन्हें धोखा दिया जा रहा है।

**(ग)** ड्राइवर को किसने और कैसे बचाया?

उत्तर— ड्राइवर को लेखक ने बचाया उसने लोगों को समझाया कि मारना ठीक नहीं है। सब ठीक हो जाएगा।

**(घ)** बस कंडक्टर किसके लिए दूध लाया और क्यों?

उत्तर— बस कंडक्टर लेखक के बच्चों के लिए दूध लाया क्योंकि उससे बच्चों का रोना देखा नहीं गया था।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. वाक्यों में क्रिया पद रेखांकित करो—**

**(क)** यात्रियों में फिर जान आई।

**(ख)** यह बहुत गलती हो गई थी।

**(ग)** इन्हें बदलना होगा।

**(घ)** सब लोग बस अड्डे पहुँच गए।

**8. वाक्यों में संज्ञा पद रेखांकित करो और उसका भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | समाचार पत्रों में चोरी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे रहते हैं। | **जातिवाचक—समाचार पत्र, समाचार**<br>**भाववाचक—चोरी और भ्रष्टाचार** |
| **(ख)** | क्या यही भारतवर्ष है, जिसका सपना तिलक और गांधी ने देखा था? | **व्यक्तिवाचक संज्ञा** |
| **(ग)** | सच्चाई केवल भीरू और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। | **भाववाचक संज्ञा** |
| **(घ)** | कंडक्टर ऊपर गया और एक साइकिल लेकर चलता बना। | **जातिवाचक संज्ञा** |

9. **शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| संतोष | ईश्वर ने जितना दिया है हमें उसी में **संतोष** करना चाहिए। |
| संदेह | पुलिस सदैव लोगों को **संदेह** की दृष्टि से देखती है। |
| पर्दाफाश | कल रोहित के षड्यंत्र का **पर्दाफाश** हो जाएगा। |
| संस्कृति | हमें कभी भी अपनी **संस्कृति** नहीं भूलनी चाहिए। |

# 7 अमरनाथ की यात्रा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) लेखक को घोड़े पर क्यों बैठाया गया?

उत्तर— लेखक की हालत देखकर।

(ख) महागुनस की चोटी पर ऊपर की ओर जाते समय किसकी कमी हो जाती है?

उत्तर— ऑक्सीजन की।

(ग) महागुनस की चोटी कितनी ऊँचाई पर है?

उत्तर— करीब साढ़े बारह हजार फीट।

(घ) ''खान के कान पर जूँ न रेंगी।'' ऐसा लेखक ने क्यों कहा?

उत्तर— क्योंकि खान ने लेखक की बात न सुनी।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बहरहाल मेरी अमरनाथ-यात्रा सफल होते-होते बच गई। सफल इसलिए कि श्रद्धावान लोग कहते हैं कि तीर्थ करते यदि प्राण जाएँ तो आदमी सीधे बैकुंठ जाता है। मेरे बैकुंठ का टिकट कैंसिल हो चुका था और लोग मुझे छू-छूकर देख रहे थे। "जाको राखे साइयाँ" का जाप करते लोग गुजर गए। ऐसे में लोग पाप-पुण्य का हिसाब लगाने लगते हैं। मैं अभी इसी सकते से नहीं उबर पाया था कि खड्ड की तरफ गिरता तो क्या होता, पाप-पुण्य का हिसाब कैसे जोड़ता?

(क) लेखक यात्रा कर रहा था—

| | | | |
|---|---|---|---|
| बदरीनाथ की | ☐ | रामेश्वरम् की | ☐ |
| दार्जिलिंग की | ☐ | अमरनाथ की | ✓ |

(ख) श्रद्धावान लोग कहते हैं कि—

| | |
|---|---|
| तीर्थ करते यदि प्राण जाएँ तो आदमी बैकुंठ जाता है। | ✓ |
| तीर्थ करते यदि प्राण जाएँ तो उसकी आत्मा भटकती रहती है। | ☐ |
| तीर्थ करते यदि प्राण जाएँ तो वह दु:खी रहता है। | ☐ |
| तीर्थ करते यदि प्राण जाएँ तो उसके बच्चे दु:खी रहते हैं। | ☐ |

(ग) लेखक जाप कर रहा था—

| | | | |
|---|---|---|---|
| सच बराबर तप नहीं | ☐ | मैया मोही मैं नाहिं माखन खायो। | ☐ |
| जाको राखे साइयाँ। | ✓ | जय हनुमान-जय हनुमान | ☐ |

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) भारत में चार धाम कौन-कौन से हैं? **बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम्, द्वारका**

(ख) अमरनाथ की गुफा में किसने और किसको कथा सुनाई? **भगवान शिवाजी ने देवी पार्वती को**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पठित परिच्छेद (Seen Passage)**

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

नीलगंगा के किनारे बसी हुई यह बस्ती धार्मिक दृष्टि से बड़ी महत्त्वपूर्ण है। कथा के अनुसार एक बार काम-क्रीडा और खेल की बातों में भगवान श्री सदाशिव का मुख श्री पार्वती जी के नेत्रों के साथ लग गया। नतीजा यह हुआ कि उनका मुख अंजन के कारण काला हो गया। भगवान सदाशिव ने अपने मुख को काला देखा, तो उसे श्री गंगा (नीलगंगा) में धोया, जिससे गंगा जी का रंग काला पड़ गया। इस जल के स्पर्श से महापापों का नाश हो जाता है।

(क) नीलगंगा का जल किस रंग का है?

उत्तर— नीलगंगा का जल काला है।

(ख) नीलगंगा नदी के संबंध में क्या पौराणिक कथा प्रचलित है?

उत्तर— कथा के अनुसार एक बार काम-क्रीडा और खेल की बातों में भगवान श्री सदाशिव का मुख श्री पार्वती जी के नेत्रों के साथ लग गया। नतीजा यह हुआ कि उन का मुख अंजन के कारण काला हो गया। भगवान सदाशिव ने अपने मुख को काला देखा तो उसे नीलगंगा में धोया जिससे गंगा जी का रंग काला पड़ गया।

(ग) नीलगंगा का जल स्पर्श करने से क्या होता है?

उत्तर— नीलगंगा का जल स्पर्श करने से महापापों का नाश हो जाता है।

(घ) 'अंजन' का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो।

उत्तर— **अंजन** का अर्थ है—काजल। **वाक्य प्रयोग**—सदाशिव का मुख अंजन के कारण काला हो गया।

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) जम्मू के आगे छोटे-बड़े टीले **पहाड़ियों** में बदलने लगे।

(ख) पटनी टॉप पर जम्मू-कश्मीर सरकार ने **पर्यटक** निवास बना रखे हैं।

(ग) वेरीनाग से बस चली तो **हरियाली** की गोद में दौड़ती रही।

(घ) 'छड़ी मुबारक' श्रीनगर के **शंकराचार्य** मंदिर में प्रस्थापित शिवलिंग की प्रतीक है।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) लेखक की ट्टटू यात्रा कैसी रही? अपने शब्दों में लिखो।

उत्तर— जब लेखक साढ़े चौदह हजार फुट की ऊँचाई की प्रसिद्ध महानुगस की चोटी पार करने के बाद उतार पर चल ही रहा था कि टट्टू बिदकने लगा। टट्टू ने एक जोर की हिनहिनाहट लगाई और लगा दुलती झाड़कर भागने। जिंदगी अपने बचाव के लिए किस कदर चिपटती है कि जो घोड़ा उसकी जान लेने पर उतारु था उसी से वह बुरी तरह चिपटा जा रहा था। लेकिन पता नहीं क्या कैसे हुआ कि लेखक जमीन पर सही-सलामत था।

(ख) 'छड़ी मुबारक' किसका प्रतीक है?

उत्तर— 'छड़ी मुबारक' श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर में प्रस्थापित शिवलिंग की प्रतीक है।

(ग) कंडक्टर साहब ने यात्रियों से तीन सौ रुपये अतिरिक्त क्यों लिए?

उत्तर— कंडक्टर साहब ने यात्रियों से तीन सौ रुपये अतिरिक्त लिए क्योंकि वेरीनाग जाने का रास्ता पहलगाम के सीधे रास्ते से भिन्न था। और उसे अपनी बस अपने बस कारवाँ से अलग ले जानी पड़ती।

**( घ )** क्या देखकर लेखक की रफ्तार तेज हो गई?

उत्तर— जब लेखक ने ऐसे यात्री को देखा जिसके टाँग थी ही नहीं बैसाखियों के सहारे वह उनसे ज्यादा तेजी से चल रहा था लेखक की रफ्तार तेज हो गई।

**( ङ )** जब लेखक की आँख खुली तो क्या देखा?

उत्तर— जब लेखक की नींद खुली तो टैंट के पीछे की रस्सियाँ खुली हुई और छोटे की ऊनी सदरी, चश्मा जिसके बिना उसकी समूची दृष्टि यात्राभर धुँधली रही और बहादुर की बरसाती जैकेट गायब थी। लाऊडस्पीकर पर ऐलान हो रहा था—''यात्री मेहरबान से दरख्वास्त है कि वे जल्दी चलने की तैयारी करें। आगे चढ़ाई बड़ी कठिन है।''

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**7. वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर पुन: लिखो—**

**( क )** मैंने घोड़े वाले खान से कहा खान तुम्हारा घोड़ा गड़बड़ करता है

उत्तर— मैंने घोड़े वाले खान से कहा—''खान, तुम्हारा घोड़ा गड़बड़ करता है।''

**( ख )** हमें पहले पड़ाव चंदनबाड़ी में ही रात बितानी थी

उत्तर— हमें पहले पड़ाव, चँदनवाड़ी में ही रात बितानी थी।

**( ग )** नजमुद्दीन साहब छड़ी मुबारक की तरफ लपके जा रहे थे

उत्तर— नजमुददीन साहब 'छड़ी मुबारक' की तरफ लपके जा रहे थे।

**( घ )** धीरे-धीरे हम लोग हँसते सुस्ताते बैठते बतियाते चंदनबाड़ी के नजदीक आ गए

उत्तर— धीरे-धीरे हम लोग हँसते-सुस्ताते, बैठते-बतियाते चंदनबाड़ी के नजदीक आ गए।

**8. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खूबसूरत | **बदसूरत** | बहादुर | **कायर** |
| गर्मी | **सर्दी** | पक्का | **कच्चा** |

**9. मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| घोड़ा | कल-कल |
| गंगा | हिहिनाना |
| हवा | रेंकना |
| टट्टू | साँय-साँय |

# 8 छोटा जादूगर

**सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)**

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** लेखक कार्निवाल के मैदान में कहाँ खड़ा था?

उत्तर— फव्वारे के पास।

**( ख )** लड़के के पास क्या-क्या था?

उत्तर— मोटी सूत की रस्सी और ताश के कुछ पत्ते।

**( ग )** लड़के के बाबू जी कहाँ थे?

उत्तर— जेल में।

**( घ )** लेखक ने लड़के को पक्का निशाने बाज क्यों कहा?

उत्तर— क्योंकि लड़के की कोई गेंद खाली नहीं गई थी।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

कलकत्ता के सुरम्य वनस्पति उद्यान में लाल कमलिनी से भरी हुई एक छोटी-सी झील के किनारे घने वृक्षों की छाया में अपनी मंडली के साथ बैठा हुआ जलपान कर रहा था। बहसें हो रही थीं। इतने में वही छोटा जादूगर दिखाई पड़ा। हाथ में चारखाने की खादी का झोला, साफ जाँघिया और आधी बाँहों का कुरता, सिर पर मैला रूमाल सूत की रस्सी में बँधा था। मस्तानी चाल से झूमता हुआ कहने लगा, "बाबूजी, नमस्ते! आज कहिए तो खेल दिखाऊँ?"

**( क )** लेखक मंडली के साथ बैठा था—

सड़क के किनारे [ ] नदी के किनारे [ ] झील के किनारे [✓] घने वृक्षों की छाया में [ ]

**( ख )** लेखक को दिखाई पड़ा—

टूटा तारा [ ] छोटा जादूगर [ ] एक साँप [✓] एक शेर [ ]

**( ग )** छोटे जादूगर ने दिखाने को कहा—

खेल [ ] रुपया [ ] फूल [✓] घर [ ]

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जादू का खेल दिखाने वाला— | जा | दू | ग | र |
| सड़क के किनारे खेल दिखाने वाला— | म | दा | री | |
| रस्सी पर चलने वाला— | न | ट | | |
| सरकस में हँसाने वाला— | जो | क | र | |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

दस बज चुके थे। मैंने देखा कि निर्मल धूप में सड़क के किनारे एक कपड़े पर छोटे जादूगर का रंगमंच सजा था। मैं मोटर रोककर उतर पड़ा। वहाँ बिल्ली रूठ रही थी, भालू मनाने चला था, ब्याह की तैयारी थी, पर यह सब होते हुए भी जादूगर की वाणी में वह प्रसन्नता नहीं थी। जब वह औरों को हँसाने की चेष्टा कर रहा था, तब जैसे वह स्वयं काँप जाता था।

मानो उसके रोएँ रो रहे थे, मैं आश्चर्य से देख रहा था। खेल पूरा होने पर पैसे बटोरकर उसने भीड़ में मुझे देखा। वह जैसे क्षणभर के लिए स्फूर्तिमान हो गया। मैंने उसकी पीठ थपथपाते हुए पूछा, "आज तुम्हारा खेल जमा क्यों नहीं ?"

**( क )** लेखक ने सड़क के किनारे क्या देखा?

उत्तर— लेखक ने सड़क के किनारे एक कपड़े पर छोटे जादूगर का रंगमंच सजा देखा।

**( ख )** लेखक को छोटा जादूगर के खेल में क्या कमी लगी?

उत्तर— लेखक को छोटे जादूगर की वाणी में प्रसन्नता नहीं दिखाई दी।

**( ग )** 'स्फूर्तिमान' व 'प्रसन्नता' शब्दों में से प्रत्यय अलग करो।

उत्तर— स्फूर्तिमान → स्फूर्ति + मान        प्रसन्नता → प्रसन्न + ता

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

**( क )** कार्निवाल के मैदान में **बिजली** जगमगा रही थी।

**( ख )** उसके मुँह पर गंभीर विषाद के साथ **धैर्य** की रेखा थी।

(ग) मनुष्यों की भीड़ से जाड़े की संध्या भी वहाँ **गर्म** हो रही थी।

(घ) मैं सोच रहा था, बालक को **आवश्यकता** ने कितना शीघ्र चतुर बना दिया।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** शरबत पीते समय छोटा जादूगर ने लेखक से क्या कहा?

उत्तर— शरबत पीते समय छोटे जादूगर ने लेखक से कहा कि वह तमाशा देखने नहीं दिखाने निकला है। कुछ पैसे ले जाएगा तो माँ को पथ्य देगा। उसे शरबत न पिलाकर लेखक उसका खेल देखकर उसे कुछ दे देता तो उसे अधिक प्रसन्नता होती।

**(ख)** लेखक ने अपनी पत्नी को खेल देखने से क्यों नहीं रोका?

उत्तर— लेखक ने अपनी पत्नी को खेल देखने से नहीं रोका क्योंकि उनकी पत्नी की वाणी में वह माँ की-सी मिठास थी, जिसके सामने किसी भी लड़के को रोका नहीं जा सकता।

**(ग)** जब लेखक की पत्नी ने छोटा जादूगर से पूछा कि तुम एक रुपया से क्या करोगे तो छोटे जादूगर का क्या उत्तर था?

उत्तर— जब लेखक की पत्नी ने छोटे जादूगर से पूछा कि तुम एक रुपया का क्या करेगा तो छोटे जादूगर ने उत्तर दिया कि पहले वह भर पेट पकौड़ी खाएगा। फिर एक सूती कंबल लेगा।

**(घ)** छोटा जादूगर का खेल न जमने का क्या कारण था?

उत्तर— छोटे जादूगर का खेल न जमने का कारण था कि उसकी माँ ने उसे आज तुरंत आने को कहा था क्योंकि उसकी माँ की घड़ी समीप थी।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. पाठ में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **ताश** | **रस्सी** | **लेखक** |
| **भालू** | **छोटा जादूगर** | **पत्नी** |

# 9 कर्ण और कुंती

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर लिखो—**

**(क)** जब कर्ण संध्या में लीन था तो उसके पास कौन आया?

उत्तर— कुंती।

**(ख)** कर्ण किस नदी के किनारे बैठा पूजा कर रहा था?

उत्तर— जाह्नवी नदी।

**(ग)** कर्ण ने अपनी माता का क्या नाम बताया?

उत्तर— राधा।

**(घ)** कर्ण का राज्याभिषेक किसने किया?

उत्तर— दुर्योधन ने।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

**कुंती :** हाँ! मैं ही अर्जुन की माँ हूँ; पर यह सोचने भर से अपने मन में विद्वेष मत करना। मुझे रह-रहकर हस्तिनापुर का वह दिन याद आता है, जिस दिन अस्त्र परीक्षा हुई थी। तरुण कुमार, तुम रंगशाला में धीरे-धीरे आकर इस प्रकार बैठे थे, मानो सूर्य की प्रथम किरण प्रकाशित हुई हो और परदे के पीछे महिलाएँ बैठी थीं।

(क) कुंती के पुत्र का नाम था—

अर्जुन ☑ दुर्योधन ☐ दुशासन ☐ सभी ☐

(ख) कुंती को वह दिन याद आ रहा है जिस दिन—

कर्ण ने जन्म लिया था। ☐ कर्ण को जंगल में छोड़ गई थी। ☐

हस्तिनापुर में अस्त्र परीक्षा हुई थी। ☑ युधिष्ठिर अज्ञातवास को गया था। ☐

(ग) महिलाएँ बैठी थीं—

आँगन में ☐ परदे के पीछे ☑ राजदरबार में ☐ युद्ध भूमि में ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) कौरव व पांडवों के बीच हुआ युद्ध— **महाभारत**

(ख) कुंती के ज्येष्ठ पुत्र का नाम— **कर्ण**

(ग) दुर्योधन के पिता का नाम— **धृतराष्ट्र**

(घ) नकुल व सहदेव की माता का नाम— **कुंती**

(ङ) कर्ण के गुरु का नाम— **परशुराम**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

मैंने लोगों से सुना था कि जब मैंने जन्म लिया था, तो माँ मुझे त्यागकर चली गई थी। मैं त्याज्य पुत्र हूँ। मैंने बहुत बार स्वप्न में देखा कि मेरी माता दयालु होकर धीरे-धीरे मेरे पास आई मुझे देखने हेतु और ज्योंही मैंने कातर हो विनय की उससे कि माँ अपना चेहरा मुझे दिखाओ तो वह स्वप्न-मूर्ति तुरंत छिप गई और इस प्रकार मेरा सुख-स्वप्न टूट गया। आज वही स्वप्न सत्य हो रहा है जो पांडवों की माँ जाह्नवी के किनारे संध्या के समय मेरी माँ के रूप में आई रणक्षेत्र में।

(क) कर्ण ने लोगों से क्या सुना था?

उत्तर— कर्ण ने लोगों से सुना कि जब उसने जन्म लिया था तो माँ उसे त्यागकर चली गई थी।

(ख) कर्ण स्वप्न में क्या देखता था?

उत्तर— कर्ण स्वप्न में देखता था कि उसकी माता दयालु होकर धीरे-धीरे उसके पास आई उसे देखने हेतु और ज्यों ही उसने कातर हो विनय की कि माँ अपना चेहरा उसे दिखाओ तो वह स्वप्न-मूर्ति तुरंत छिप गई।

(ग) कर्ण का कौन-सा स्वप्न सत्य हुआ?

उत्तर— कर्ण का स्वप्न सत्य हो रहा है कि पांडवों की माँ जाह्नवी के किनारे संध्या के समय उसकी माँ के रूप में रणक्षेत्र में आई।

(घ) कर्ण की माता का क्या नाम था?

उत्तर— कर्ण की माता का नाम कुंती था।

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) कुंती ने अपने आप को अभागिन क्यों कहा?

उत्तर— कर्ण की माँ होने पर भी उसे कभी पुत्र के रूप में स्वीकार नहीं कर पाई इसलिए कुंती ने अपने आप को अभागिन कहा है।

(ख) कुंती कर्ण के पास क्यों आई थी?

उत्तर— कुंती कर्ण को अपने साथ ले जाने के लिए कर्ण के पास आई थी।

**( ग )** कुंती ने कर्ण को क्या प्रलोभन दिया?

उत्तर— कुंती ने कर्ण को प्रलोभन दिया कि वह राज्य पर अधिकार करे। युधिष्ठिर जैसे गंभीर योद्धा उसके सहकारी होंगे, भीम छत्रवार होगा और अर्जुन-सा सारथी होगा। धौम्य जैसा पुरोहित होगा जो नित्य वेदज्ञान दिया करेगा।

**( घ )** कर्ण ने कुंती से क्या आशीर्वाद माँगा?

उत्तर— कर्ण ने कुंती से आशीर्वाद माँगा कि विजय के लोभ अथवा राज्य के लोभ में वह वीरगति पाने से भ्रष्ट न हो जाए।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. निम्नलिखित सरल वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलो—**

**( क )** मैं तुम्हें अपने हृदय में सर्वोच्च स्थान दूँगी। उन पाँच पुत्रों से भी तुम बड़े हो।

**मैं तुम्हें अपने हृदय में सर्वोच्च स्थान दूँगी क्योंकि तुम उन पाँचों से भी बड़े हो।**

**( ख )** मेरा नाम कर्ण है। मैं एक गाड़ीवान का पुत्र हूँ।

**मेरा नाम कर्ण है और मैं एक गाड़ीवान का पुत्र हूँ।**

**( ग )** मेरी इच्छा है। तुम्हें लौटाकर तुम्हारा वह अधिकार दे दूँ, जिससे तुम वंच्छित रहे हो।

मेरी इच्छा है कि जिस अधिकार से तुम वंच्छित रहे हो वह तुम्हें दे दूँ।

**7. समास विग्रह करो—**

| | |
|---|---|
| रत्नजड़ित | **रत्नों से जड़ा हुआ** |
| स्नेह स्वर | **स्नेह का स्वर** |
| गंगा-किनारे | **गंगा के किनारे** |
| पूर्वजन्म | **पूर्व जन्म का** |

**8. मूल-शब्द व प्रत्यय अलग-अलग करो—**

| | मूल-शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| क्षणभर | **क्षण** | **भर** |
| प्रकाशित | **प्रकाश** | **इत** |
| गाड़ीवान | **गाड़ी** | **वान** |
| अंधकारमय | **अंधकार** | **मय** |

**9. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| शिविर | राजा अपने **शिविर** में आराम कर रहे थे। |
| शैशवकाल | **शैशवकाल** में कृष्ण बहुत नटखट थे। |
| सारथी | कृष्ण अर्जुन के **सारथी** बने थे। |
| अटल | भीष्म अपनी प्रतीक्षा कर **अटल** रहे। |

## सतत मूल्यांकन-II (Continuous Evaluation-II) (पाठ 5 से 9)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** ईमानदारी को किसका पर्याय माना जाने लगा है?

उत्तर— मूर्खता का।

**( ख )** आजकल के माहौल में कैसे लोग पिस रहे हैं?

उत्तर— ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं।

**( ग )** महागुनस की चोटी कितनी ऊँचाई पर है?

उत्तर— करीब साढ़े बारह हजार फुट।

(घ) लेखक ने लड़के को पक्का निशाने बाज क्यों कहा?

उत्तर— क्योंकि लड़के की कोई गेंद खाली नहीं गई थी।

**2. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

(क) कवि ने नहीं सीखा है—

रुकना ☑ लिखना ☐ पढ़ना ☐ चलना ☐

(ख) भारतवर्ष सदा कानून को किसके रूप में देखता है—

देवी के रूप में ☐ भगवान के रूप में ☐ धर्म के रूप में ☑ सभी ☐

(ग) छोटे जादूगर ने दिखाने को कहा—

खेल ☑ रुपया ☐ फूल ☐ घर ☐

**3. 'मैंने बस चलना सीखा' कविता सुनाओ।**

**4. बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**सोचो और बताओ—**

(क) कौरव व पांडवों के बीच हुआ युद्ध— **महाभारत**

(ख) कुंती के ज्येष्ठ पुत्र का नाम— **कर्ण**

(ग) दुर्योधन के पिता का नाम— **धृतराष्ट्र**

(घ) नकुल व सहदेव की माता का नाम— **कुंती**

(ङ) कर्ण के गुरु का नाम— **परशुराम**

# 10 नीड़ का निर्माण फिर

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) रात के बाद क्या होता है?

उत्तर— दिन।

(ख) कवि को ऐसा क्यों लगा कि इस रात के बाद सवेरा नहीं होगा?

उत्तर— रात के उपद्रव के डर के कारण।

(ग) उषा की मुस्कान किस बात का प्रतीक है?

उत्तर— उषा की मुस्कान सुखद भविष्य का प्रतीक है।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

क्रुद्ध नभ के वज्रदंतों
में उषा है मुस्कराती,
घोर गर्जनमय गगन के
कंठ में खग-पंक्ति गाती,

एक चिड़िया चोंच में तिनका
लिए जो जा रही है,
वह सहज में ही पवन
उनचास को नीचा दिखाती।

**( क )** कुछ नभ के दंतों में मुस्कराती है—

हवा ☐ फूल ☐ नदी ☐ उषा ☑

**( ख )** जब पक्षी पंक्ति में आकाश में उड़ते हैं तो लगता है जैसे—

वे रो रहे हैं ☐ वे हँस रहे हैं ☐ वे गा रहे हैं ☑ वे पुकार रहे हैं। ☐

**( ग )** चिड़िया चोंच में लिए जा रही है—

दाना ☐ पानी ☐ बीज ☐ तिनका ☑

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. दी गई वर्ग पहेली में से 'नभ', 'रात' तथा 'बादल' के पर्यायवाची छाँटकर गोला बनाइए—**

**नभ**—व्योम, आकाश, गगन

**रात**—रात्रि, निशा, रजनी

**बादल**—घन, जलधर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ग | र | मा | हा | क | ज | न |
| इ | घ | न | श | ज | ल | ध | र |
| सु | ज | लि | ग | ग | न | व | ठ |
| रा | श्र | आ | नि | शा | व | ज्ञ | यो |
| त्रि | ह | का | ज | प | पो | ध | म |
| ब | ा | श | र | ज | नी | र | भ |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

नाश के दु:ख से कभी
दबा नहीं निर्माण का सुख,
प्रलय की निस्तब्धता से
सृष्टि का नवगान फिर-फिर!
नीड़ का निर्माण फिर-फिर।
सृष्टि का आह्वान फिर-फिर!

**( क )** क्या विनाश निर्माण की प्रक्रिया को बंद कर सकता है?

उत्तर— नहीं विनाश निर्माण की प्रक्रिया को बंद नहीं कर सकता है।

**( ख )** प्रलय के बाद किसका आगमन निश्चित है?

उत्तर— प्रलय के बाद सृष्टि का आगमन निश्चित है।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. कविता की पंक्तियाँ को पूरा करो—**

रात के **उत्पात भय** से
भीत **जन-जन, भीत कण** कण,
किंतु **प्राची से ऊषा** की,
मोहिनी **मुस्कान** फिर-फिर।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** आँधी आने पर प्रकृति में क्या उत्पात होता है?

उत्तर— आँधी आने पर आकाश में अचानक अँधेरा हो जाता है। सारा वातावरण अस्त-व्यस्त हो जाता है।

**( ख )** 'नीड़ का निर्माण' कविता के रचनाकार कौन हैं?

उत्तर— 'नीड़ का निर्माण' कविता के रचियता हरिवशंराय बच्चन है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**7. तुक बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कण | **जन** | बीती | **रीती** |
| अँधेरा | **घेरा** | सहज | **महज** |

**8. विलोम शब्द से मिलाओ—**

| | |
|---|---|
| निर्माण | प्रात: |
| निशा | ध्वस्त |
| अँधेरा | निराश |
| जड़ | प्रकाश |
| आशा | चेतना |

**9. व्याकरण की दृष्टि में शब्द क्या हैं? उस पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वह | संज्ञा | ☐ | सर्वनाम | ✓ |
| जा | विशेषण | ☐ | क्रिया | ✓ |
| दु:ख | भाववाचक संज्ञा | ✓ | व्यक्तिवाचक संज्ञा | ☐ |
| कि | संबंधबोधक | ✓ | समुच्चयबोधक | ☐ |
| हाय | विस्मयादिबोधक | ✓ | क्रियाविशेषण | ☐ |

**10. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| निर्माण | डॉ० बाबू ने नए अस्पताल का **निर्माण** कराया। |
| उत्पात | कक्षा तीन के छात्र बहुत **उत्पात** मचाते हैं। |
| पंक्ति | बस में हमें **पंक्ति** बनाकर चढ़ना चाहिए। |

# 11 सौदा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** कैसे पता चला कि व्यक्ति अमृतसर का लाला है?

उत्तर— उसकी वेशभूषा से।

**( ख )** लाला के साथ कौन-कौन था?

उत्तर— उसकी पत्नी और बच्चे।

**( ग )** वे घोड़ों के मालिक नहीं घोड़े उनके मालिक हैं। लेखक को ऐसा क्यों लगा?

उत्तर— घोड़े की उजली सज्जा के साथ मालिकों के मैले, फटे हुए वस्त्रों की तुलना के कारण।

( घ ) लाला जी को कितने घोड़े चाहिए थे?

उत्तर— तीन घोड़े।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

खालसा होटल का नौकर आवाज दे रहा था कि होटल में अठारह घोड़े चाहिए, इसलिए घोड़ेवाले खालसा होटल की तरफ चल दिए। इस पर कुछ लोगों ने तुरंत परिस्थिति से समझौता कर लिया और चार-चार रुपये में अपने लिए घोड़े ठहरा लिए।

( क ) घोड़ेवाले को आवाज लगा रहा था—

खालसा होटल का नौकर [✓] खालसा होटल का मालिक [ ]
एक व्यक्ति [ ] एक अंग्रेज [ ]

( ख ) होटल में घोड़े चाहिए थे—

दो [ ] दस [ ] अठारह [✓] बीस [ ]

( ग ) लोगों ने घोड़े ठहरा लिए—

दो रुपये में [ ] चार रुपये में [✓] छह रुपये में [ ] आठ रुपये में [ ]

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

( क ) अमरूद कहाँ के प्रसिद्ध हैं— **इलाहाबाद**
( ख ) सेब कहाँ के प्रसिद्ध हैं— **हिमाचल**
( ग ) संतरे कहाँ के प्रसिद्ध हैं— **नागपुर**
( घ ) पेठा कहाँ का प्रसिद्ध है— **आगरा**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पठित परिच्छेद (Seen Passage)**

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

पर धीरे-धीरे लोगों को पता चल गया कि कल किसी बाबू ने एक घोड़े वाले को इस बात पर पीट दिया था कि वह चंदनबाड़ी के तीन रुपये के बजाय चार रुपये माँग रहा था। इसलिए सब घोड़े वालों ने निश्चय किया था कि वे आज से चार रुपये से कम चंदनबाड़ी नहीं जाएँगे। अपने मैले परिधानों के बावजूद आज वे गर्व महसूस कर रहे थे और उनके रेखांकित चेहरों का उल्लास व्यक्त करती हुई उनकी मैली दंत पंक्तियाँ बार-बार दिखाई दे जाती थीं।

( क ) लोगों को क्या पता चल गया था?

उत्तर— लोगों को पता चल गया कि कल किसी बाबू ने एक घोड़े वाले को इस बात पर पीट दिया कि वह चंदनबाड़ी के तीन रुपये के बजाय चार रुपये माँग रहा था।

( ख ) बाबू ने घोड़े वाले को क्यों पीटा?

उत्तर— बाबू ने घोड़े वाले को पीटा क्योंकि वह चंदनबाड़ी के तीन रुपये के बजाय चार रुपये माँग रहा था।

( ग ) घोड़े वालों ने क्या निश्चय किया?

उत्तर— घोड़े वालों ने निश्चय किया कि वे आज से चार रुपये से कम में चंदनबाड़ी नहीं जाएँगे।

( घ ) रेखांकित पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट करो।

उत्तर— घोड़े वालों ने अपने निश्चय से सभी को अधिक पैसे देने पर विवश किया। इससे उनकी एकता और सहयोग स्पष्ट हो गया जिस कारण मैले-कुचैले कपड़े पहने ये लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। ये गर्व उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था। उनके गर्व को उनकी मुस्कान और बढ़ा रही थी जिसमें उनके मैले दाँत दिखाई दे रहे थे।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. किसने कहा? किसससे कहा?**

**( क )** ''हम आज पहली बार नहीं जा रहे हैं।'' — **लालाजी** ने **घोड़े वाले** से

**( ख )** ''रखना हो तो बताइए, नहीं तो मैं उधर से एक मैम के बच्चों को घुमाने ले जाऊँगा।'' — **घोड़े वाले** ने **लाला जी** से

**( ग )** ''आज क्या बात है?'' — **किसी** ने **घोड़े वाले** से

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** लोग चंदनबाड़ी क्यों जाते हैं?

उत्तर— लोग चंदनबाड़ी जाते हैं क्योंकि वह अमरनाथ के रास्ते का एक साधारण पड़ाव है।

**( ख )** घोड़ेवाले तीन रुपये की जगह चार रुपये क्यों माँग रहे थे?

उत्तर— घोड़े वाले तीन रुपये की जगह चार रुपये माँग रहे थे क्योंकि किसी बाबू ने एक घोड़े वाले को इस बात पर पीट दिया था कि चंदनबाड़ी के वह तीन रुपये के बजाय चार रुपये माँग रहा था। अत: वे इस बात के विरोधस्वरूप ऐसा कर रहे थे।

**( ग )** लाला जी को जो घोड़ा तीन रुपये में मिला वह देखने में कैसा था?

उत्तर— लालाजी को जो घोड़ा तीन रुपये में मिला वह देखने में बीमार लगता था।

**( घ )** लाला जी की पत्नी ने उन्हें क्या सलाह दी?

उत्तर— लालाजी की पत्नी ने उन्हें सलाह दी कि यदि चलना हो तो उन्हें भी ओर लोगों की तरह चुपचाप चार-चार रुपये में घोड़े ले लेने चाहिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. वाक्यों के भेद अर्थ के आधार पर लिखो—**

**( क )** वे लोग धीरे-धीरे बाजार की ओर आ रहे थे। — **साधारण वाक्य**

**( ख )** आज क्या बात है? — **प्रश्नवाचक वाक्य**

**( ग )** नहीं साहब; घोड़े खाली नहीं हैं। — **निषेधात्मक वाक्य**

**( ङ )** तीन घोड़े इधर लाना, भाई। — **आज्ञासूचक वाक्य**

**8. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| टोकरी | **टोकरियाँ** | डिब्बा | **डिब्बे** |
| टुकड़ा | **टुकड़े** | रोटी | **रोटियाँ** |

**9. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| घोड़ा | **अश्व** | **बाजि** | **तुरंग** |
| विद्यार्थी | **छात्र** | **शिष्य** | **चेला** |
| पत्नी | **भार्या** | **बीवी** | **अर्धांगनी** |

**10. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| प्रतीक्षा | राहुल बगीचे में मोहित की **प्रतीक्षा** कर रहा है। |
| बख्शीश | मालिक ने अपने नौकर को चार रुपये **बख्शीश** में दिए। |
| विशुद्ध | हमें **विशुद्ध** भोजन ही करना चाहिए। |
| व्यवहार | सभी के प्रति हमारा **व्यवहार** नम्र होना चाहिए। |

# 12

# हमारा आदिसमाज

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) यह पत्र किसने लिखा?

उत्तर— जवाहरलाल नेहरू ने लिखा।

(ख) लेखक ने यह पत्र किसको लिखा?

उत्तर— इंदु को।

(ग) लेखक ने आदमियों के कितने दरजे बताए हैं?

उत्तर— पाँच दरजे।

(घ) मजदूरों को अभागा क्यों कहा गया?

उत्तर— क्योंकि उन्हें मजदूरी केवल गुजारे भर ही मिलती थी।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

मंदिरों में बहुत-से पुजारी या पुजारिनें होती थीं। पुजारी लोग आमतौर से लिखना-पढ़ना जानते थे और दूसरे आदमियों से ज्यादा पढ़े-लिखे होते थे। इसलिए राजा लोग उनसे सलाह लिया करते थे। उस जमाने में किताबों को लिखना या नकल करना पुजारियों का ही काम था।

(क) आम तौर पर लिखना-पढ़ना जानते थे—

राजा ☐ राजकुमार ☐ पुजारी ☑ सभी ☐

(ख) पुजारियों से ही राजा लेते थे—

धन ☐ भोजन ☐ सलाह ☑ वस्त्र ☐

(ग) पुजारियों का ही काम था—

किताबों को लिखना ☑ युद्ध करना ☐ खेतों में काम करना ☐ राज्य चलाना ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. विभिन्न प्रकार के पत्रों के बारे में संक्षिप्त विवरण पढ़कर पत्रों के प्रकार बताओ—**

निमंत्रण पत्र, व्यक्तिगत पत्र, प्रार्थना पत्र, व्यावसायिक पत्र, सरकारी पत्र

(क) मित्र को अपना परीक्षाफल बताने के लिए पत्र लिखा— **व्यक्तिगत पत्र**

(ख) मित्र को अपने जन्मदिन पर आने के लिए पत्र लिखा— **निमंत्रण पत्र**

(ग) पुस्तक विक्रेता को पुस्तक मँगाने के लिए पत्र लिखा— **व्यावसायिक पत्र**

(घ) प्रधानाचार्या को जुर्माना माफी के लिए पत्र लिखा— **प्रार्थना पत्र**

(ङ) पुलिस कमीशनर को पत्र लिखा— **सरकारी पत्र**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पठित परिच्छेद (Seen Passage)**

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

सबसे बड़ी जमात मजदूरों और किसानों की थी। किसान जमीन जोतते थे और खाने की चीजें पैदा करते थे और यदि किसान जमीन न

जोतते और खेती न होती तो या तो अनाज पैदा ही न होता, या होता तो बहुत कम। इसलिए किसानों का दरजा बहुत जरूरी था। वे न होते तो सब लोग भूखो मर जाते।

**( क )** लेखक ने सबसे बड़ी जमात किसे कहा?

उत्तर— लेखक ने सबसे बड़ी जमात मजदूरों और किसानों को कहा।

**( ख )** किसान का क्या कार्य है?

उत्तर— किसानों का काम जमीन जोतना और खाने की चीजें पैदा करना है।

**( ग )** यदि किसान न हो तो क्या होगा?

उत्तर— यदि किसान न होते तो सब लोग भूखो मर जाते।

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** वे कौन लोग थे जो मजदूरों की कमाई का बड़ा हिस्सा उनसे छीन लेते थे?

उत्तर— राजा या जमींदार मजदूरों की कमाई का बड़ा हिस्सा उनसे छीन लेते थे।

**( ख )** जंगली लोगों ने किन-किन चीजों को देवता बना दिया?

उत्तर— जंगली लोगों ने नदी, पहाड़, सूरज, पेड़, जानवर आदि चीजों को देवता बना दिया।

**( ग )** मंदिरों में मूर्तियों को रखे जाने का लेखक ने क्या कारण बताया?

उत्तर— लेखक ने बताया कि लोग किसी ऐसी चीज की पूजा कैसे करते जिसे वे देख न सके इसीलिए मंदिरों में मूर्तियाँ रखी जाने लगीं।

**( घ )** पत्र में किन लोगों को बुद्धिमान कहा गया है? और क्यों?

उत्तर— पत्र में पुजारी लोगों को बुद्धिमान कहा गया है क्योंकि हर एक आदमी मुसीबत या बीमारी में उनके पास आता था।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. लिंग बदलो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुजारी | **पुजारिन** | मजदूर | **मजदूरनी** |
| देवता | **देवी** | बिल्ली | **बिलाऊ** |

**7. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नदी | **नद** | **सरिता** | **सरि** |
| पहाड़ | **पर्वत** | **गिरि** | **शैल** |
| सूरज | **सूर्य** | **भानु** | **दिनकर** |
| पेड़ | **वृक्ष** | **तरु** | **विटप** |
| बंदर | **वानर** | **कपि** | **हरि** |

**8. वाक्यों का शुद्ध रूप लिखो—**

**( क )** पुजारी लोग आमतौर पर पढ़ना-लिखना जानती था।

**शुद्ध रूप**—पुजारी लोग आमतौर पर पढ़ना-लिखना जानते थे।

**( ख )** राजा उनको सलाह लिया करती थे।

**शुद्ध रूप**—राजा उनकी सलाह लिया करते थे।

**( ग )** यह कोई अजीब बात हैं।

**शुद्ध रूप**—यह कोई अजीब बात है।

**( घ )** उनको हर चीज को देवी-देवता बना लियो था।

**शुद्ध रूप**—उन्होंने हर चीज को देवी-देवता बना लिया था।

**9. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| होशियार | बीरबल अकबर के नवरत्नों में सबसे **होशियार** थे। |
| सलाह | डॉ० ने मुझे पहाड़ी स्थान पर जाने की **सलाह** दी है। |
| निर्दयी | जर्मनी का राजा अत्यंत **निर्दयी** था। |
| त्योहार | दीपावली प्रकाश का **त्योहार** है। |

# 13 जब मैं बीमार पड़ा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** लेखक की आयु कितनी है?

उत्तर— पैंतीस वर्ष।

**(ख)** लेखक की क्या इच्छा है?

उत्तर— लेखक की इच्छा है कि किसी दिन वह भी बीमार पड़े तो अच्छा हो।

**(ग)** लेखक की पत्नी को कहाँ जाना था?

उत्तर— सिनेमा देखने।

**(घ)** लेखक ने औषधियों का राजा किसे बताया?

उत्तर— अमृतधारा को।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

एकाएक तीन बजे रात को नींद खुली। नाभि के नीचे दाहिनी ओर पेट में मालूम पड़ता था, कोई बड़ी-बड़ी सुइयाँ लेकर कोंच रहा है। परंतु मुझे भय नहीं मालूम हुआ, क्योंकि ऐसे ही समय के लिए औषधियों का राजा, रोगों का रामबाण, अमृतधारा की एक शीशी सदा मेरे पास रहती है। मैंने तुरंत उसकी कुछ बूँदें पान कीं।

**(क)** लेखक की नींद खुली—

दो बजे ☐ तीन बजे ☑ चार बजे ☐ पाँच बजे ☐

**(ख)** लेखक को पीड़ा हो रही थी—

हाथ में ☐ पेट में ☑ पैर में ☐ सिर में ☐

**(ग)** लेखक ने पीड़ा से छुटकारा पाने के लिए लिया—

पुदीन हरा ☐ अमृतधारा ☑ कायम चूर्ण ☐ त्रिफला ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. रोगों का मिलान उनसे प्रभावित होने वाले अंगों से करो—**

| | |
|---|---|
| (क) पीलिया | आँत |
| (ख) पोलियो | यकृत |
| (ग) निमोनिया | त्वचा |
| (घ) टाइफाइड | फेफड़ा |
| (ङ) खसरा | टाँग |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखो—**

आखिर में लोगों ने कहा कि तुम कब तक इस तरह पड़े रहोगे, किसी दूसरे की दवा करो। लोगों की सलाह से डॉक्टर चूहानाथ कातरजी को बुलाने की सलाह हुई। आप लोग डॉक्टर साहब का नाम सुनकर हँसेंगे, पर यह मेरा दोष नहीं है, उनके माँ-बाप का दोष है। यदि मुझे उनका नाम रखना हो तो अवश्य ही कोई साहित्यिक नाम रखता। वे थे यथा नाम तथा गुण। आपकी फीस आठ रुपये थी और मोटर का एक रुपया अलग। आप लंदन के एफ०आर०सी०एस० थे।

**(क)** लोगों ने लेखक को क्या सलाह दी?

**उत्तर—** लोगों ने लेखक को सलाह दी कि वह किसी दूसरे डॉक्टर से दवाई ले।

**(ख)** डॉक्टर साहब का क्या नाम था?

**उत्तर—** डॉ० साहब का नाम चूहानाथ कातरजी था।

**(ग)** डॉक्टर साहब ने कितनी फीस ली?

**उत्तर—** डॉ० साहब ने आठ रुपये फीस तथा मोटर का एक रुपया अलग से लिया।

**(घ)** डॉक्टर साहब ने कहाँ से पढ़ाई की थी?

**उत्तर—** डॉ० साहब ने लंदन में पढ़ाई की थी।

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** सेंकते-सेंकते **छाले** पड़ गए, पर दर्द में कमी न हुई।

**(ख)** डॉक्टर साहब के यहाँ आदमी दौड़ाया गया कि **इंजेक्शन** का सामान लेकर चलिए।

**(ग)** कोई आधे घंटे बाद वैद्य जी एक पालकी पर **तशरीफ** लाए।

**(घ)** घरवालों को और मुझे भी दर्द के **संबंध** में विशेष चिंता होने लगी।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** लेखक बीमार क्यों होना चाहता था?

**उत्तर—** लेखक सोचता था कि यदि वह बीमार पड़ा तो उसे हंटले के बिस्कुट खाने को मिलते और यू क्लोन से पत्नी मालिश करती और मित्र आदि उसकी तबीयत पूछने घर आते। इसीलिए लेखक बीमार होना चाहता था।

**(ख)** डॉक्टर का इक्के पर आना लेखक को कैसा लगा?

**उत्तर—** डॉक्टर का इक्के पर आना लेखक को ऐसा लगा जैसे लीडरों का मोटर छोड़कर पैदल चलना।

**(ग)** वैद्य जी ने लेखक को क्या रोग बताया?

**उत्तर—** वैद्य जी ने लेखक को बताया कि वायु का प्रकोप है, यकृत से वायु घूमकर पित्ताशय में प्रवेश कर आंत्र में जा पहुँची। इससे मंदाग्नि का प्रादुर्भाव होता है और इसी कारण जब भोज्य पदार्थ प्रतिहत होता है तब शूल का कारण होता है।

**(घ)** लेखक ने हकीम जी का वर्णन किन शब्दों में किया?

**उत्तर—** हकीम साहब चिकन का बंद पार कुरता पहने हुए थे। सिरे पर बनारसी लोटे की तरह टोपी रखी हुई थी। पाँव में पजामा ऐसा मालूम होता है चूड़ीदार पजामा बनने वाला था। जूता कमदार दिल्ली वाला था। हकीम साहब पतले-दुबले इतने थे कि मालूम पड़ता था अपनी तंदरूस्ती अपने मरीजों को बाँट दी है। हकीम साहब में नजाकत भी बला की थी। रहते थे बनारस में मगर कान काटते थे लखनऊ के।

**(ङ)** अंत में लेखक की पत्नी ने उनसे क्या कहा?

**उत्तर—** अंत में लेखक की पत्नी ने कहा कि आज कोई कहता है कि दाँत उखड़वा लो कल कोई कहेगा सारे बाल उखड़वा डालो परसों कोई कहेगा नाक नुचवा डालो आँखें निकलवा लो। यह सब फिजूल है खाना ठिकाने से खाओ, पंद्रह दिन में ठीक हो जाओगे।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. गहरे काले शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुन: लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | अमृतधारा की **शीशी** सदा मेरे पास रहती। | अमतधारा की **शीशियाँ** सदा मेरे पास रहती। |
| **(ख)** | उसने **पिचकारी** निकाली। | उसने **पिचकारियाँ** निकालीं। |
| **(ग)** | **मौसी** मुझे देखने आईं। | **मौसियाँ** मुझे देखने आईं। |

**8. भाववाचक संज्ञा बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| माता | **ममता** | मिठाई | **मीठी** |
| दुर्बल | **दुर्बलपन** | ईमानदार | **ईमानदारी** |
| गर्मी | **गरमाहट** | बीमार | **बीमारी** |

**9. मूल शब्द व प्रत्यय अलग-अलग करो—**

| | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|
| चूड़ीदार | **चूड़ी** | **दार** |
| बंददार | **बंद** | **दार** |
| दिल्लीवाला | **दिल्ली** | **वाला** |
| साहित्यिक | **साहित्य** | **इक** |

**10. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाग्यवान | **भाग्यवती** | श्रीमान | **श्रीमती** |
| कवि | **कवयित्री** | चिकित्सक | **चिकित्सिका** |

**11. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| वृत्त | मोहन ने पुस्तक में एक **वृत्त** बनाया। |
| छायावादी | महादेवी वर्मा एक **छायावादी** कवयित्री थीं। |
| इलाज | राहुल को किसी डॉ० से **इलाज** करवाना होगा। |
| औषधि | मीरा को किसी वैद्य के पास जाकर **औषधि** लेनी चाहिए। |

## सतत मूल्यांकन-III (Continuous Evaluation-III) (पाठ 10 से 13)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** रात के बाद क्या होता है?

उत्तर— दिन।

**(ख)** लाला के साथ कौन-कौन था?

उत्तर— उसकी पत्नी और बच्चे।

**(ग)** मजदूरों को अभागा क्यों कहा गया?

उत्तर— क्योंकि उन्हें मजदूरी केवल गुजारे भर ही मिलती थी।

**(घ)** लेखक ने औषधियों का राजा किसे बताया?

उत्तर— अमृतधारा को।

**2. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाओ—**

**(क)** चिड़िया चोंच में लिए जा रही है—

दाना ☐ पानी ☐ बीज ☐ तिनका ☑

(ख) होटल में घोड़े चाहिए थे—

दो ☐ दस ☐ अठारह ☑ बीस ☐

(ग) पुजारियों से ही राजा लेते थे—

धन ☐ भोजन ☐ सलाह ☑ वस्त्र ☐

(घ) लेखक को पीड़ा हो रही थी—

हाथ में ☐ पेट में ☑ पैर में ☐ सिर में ☐

**3. बूझो पहेली**

**रोगों का मिलान उनसे प्रभावित होने वाले अंगों से करो—**

| | |
|---|---|
| (क) पीलिया | आँत |
| (ख) पोलियो | यकृत |
| (ग) निमोनिया | त्वचा |
| (घ) टाइफाइड | फेफड़ा |
| (ङ) खसरा | टाँग |

# 14 अपना देश सँवारें हम

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) कवि किसे सँवारने को कह रहा है?

उत्तर— देश को।

(ख) कविता के रचनाकार कौन हैं?

उत्तर— श्रीकृष्ण 'सरल'।

(ग) प्रतिकूल हवाओं से कवि का क्या आशय है?

उत्तर— विपरीत परिस्थितियाँ तथा दुश्मन।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

नए भगीरथ बन, वैचारिक गंगा नई उतारें हम।
अपना देश सँवारें हम।
हमें देश की रक्षा करनी है
प्रतिकूल हवाओं से,
हमको घर-द्वार सजाने
नई-नई आशाओं से।

(क) देश की रक्षा करनी है—

नेताओं से ☐ प्रतिकूल हवाओं से ☑ अभिनेताओं से ☐ किसी से नहीं ☐

(ख) आशाओं से सजाना है—

घर-द्वार ☑ व्यापार ☐ मन ☐ सभी ☐

(ग) विचारों की हम उतारेंगे—

नई गंगा ☑ नई सीढ़ी ☐ नई किरण ☐ कोई नहीं ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. संकेत पढ़कर शब्द पूरा करो—**

(क) भारत के उत्तर में पहरी की भाँति रक्षा कर रहा है— हि **मा** **ल** **य**

(ख) भारत का पड़ोसी देश है— ची **न**

(ग) विभाजन से पहले भारत में ही सम्मिलित था— पा **कि** **स्** **ता** **न**

(घ) एक सागर जिसका नाम भारत के नाम पर पड़ा— हिं **द** **म** **हा** **सा** **ग** **र**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पठित परिच्छेद (Seen Passage)**

**4. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

हम प्रतिरूप नए युग के हैं
सूरज नूतन क्षमता के,
नए क्षितिज के अन्वेषी हम
पोषक हम जन समता के।

(क) कवि ने अपने आप को किसका प्रतिरूप बताया है?

उत्तर— कवि ने अपने आप नए युग का प्रतिरूप बताया है।

(ख) कवि किसका पोषक है?

उत्तर— कवि जन समता का पोषक है।

(ग) सूरज का पर्यायवाची लिखो।

उत्तर— 'सूरज' का पर्यायवाची 'भानु' है।

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

नए सृजन के **संवाहक** हम
प्रगति पंथ **के राही** हैं
हम **प्रतिबद्ध पहरुए** युग के
हम **सन्नद्ध** सिपाही हैं।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) नए भगीरथ और वैचारिक गंगा से कवि का क्या अभिप्राय है?

उत्तर— कवि का अभिप्राय है कि हमें देश के उद्धार के लिए ऐसे कार्य करने होंगे या ऐसे स्रोत पैदा करने होंगे जैसे भगीरथ संसार के उद्धार के लिए गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाए थे।

(ख) मानवता के रास्ते में आने वाली बाधाओं को कैसे दूर किया जाना चाहिए?

उत्तर— विपरीत परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना करते हुए मानवता की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**7. 'प्रगति' शब्द 'गति' में 'प्र' उपसर्ग लगाकर बना है।**

**निम्नलिखित उपसर्ग से शब्द बनाओ—**

| | | |
|---|---|---|
| प्रति | **प्रतिकूल** | **प्रतिकार** |
| स्व | **स्वराज्य** | **स्वाधीन** |
| निर् | **निर्जल** | **निर्मल** |

8. **विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपना | **पराया** | प्रतिकूल | **अनुकूल** |
| सँवारना | **बिगाड़ना** | अंधकार | **प्रकाश** |

9. **शब्दों के शुद्ध रूप पर ( ✓ ) लगाओ—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चुनौती | ✓ | चुनोति | ☐ | अँधकार | ☐ | अंधकार | ✓ |
| संवोरे | ☐ | सँवारें | ✓ | पोषक | ✓ | पौषक | ☐ |
| आसाओं | ☐ | आशाओं | ✓ | देश | ✓ | देस | ☐ |

10. **शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| क्षितिज | आकाश और धरती के मिलने का स्थान **क्षितिज** कहलाता है। |
| पोषक | आज भी कुछ लोग प्राचीन संस्कृति के **पोषक** बने हुए हैं। |
| प्रतिकूल | हमें अपने देश की **प्रतिकूल** हवाओं से रक्षा करनी चाहिए। |

# 15 मित्रता

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

**( क )** व्यक्ति के जीवन की सफलता किस पर निर्भर होती है?

उत्तर— मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर।

**( ख )** व्यक्ति को घर से बाहर निकलकर क्या चुनने में कठिनाई आती है?

उत्तर— मित्र चुनने में।

**( ग )** दृढ़ संकल्पी लोगों की मित्रता हमारे लिए बुरी क्यों है?

उत्तर— क्योंकि हमें उनकी बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है।

**( घ )** कैसे मित्र औषध के समान है?

उत्तर— विश्वासपात्र मित्र।

2. **गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

मित्र भाई के समान होना चाहिए। जिसे हम अपना प्रीति-पात्र बना सकें। हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि-लाभ को दूसरा अपना हानि-लाभ समझे।

**( क )** मित्र होना चाहिए—

शत्रु के समान ☐ पिता के समान ☐ माता के समान ☐ भाई के समान ✓

**( ख )** हमारे और हमारे मित्र के बीच होनी चाहिए—

दया ☐ परोपकार ☐ सहानुभूति ✓ कंजूसी ☐

**( ग )** सच्चा मित्र, मित्र के हानि लाभ को—

अपना फायदा समझता है। ☐ अपनी तरक्की समझता है। ☐

अपनी खुशी मानता है। ☐ अपनी हानि-लाभ समझता है। ✓

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**सोचो और बताओ—**

**( क )** द्वापर युग के महान् मित्र **कृष्ण-सुदामा**

**( ख )** रामायण मे उल्लेखित मित्र **राम-सुग्रीव**

**( ग )** महाभारत में उल्लेखित मित्र **दुर्योधन-कर्ण**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**3. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

मित्र का कर्त्तव्य इस प्रकार बताया गया है, "उच्च और महान् कार्यों में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी-अपनी सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ।" यह कर्त्तव्य उसी से पूरा होगा, जो दृढ़ चित्त और सत्य-संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें हमसे अधिक आत्म-बल हो। हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरुषार्थी हों, शिष्ट और सत्य-निष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे छोड़ सकें और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा न होगा।

**( क )** मित्र का क्या कर्त्तव्य है?

उत्तर— उच्च और महान कार्यों में इस प्रकार सहायता देना मन बढाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी-अपनी सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ।

**( ख )** हमें कैसे लोगों से मित्रता करनी चाहिए?

उत्तर— हम उन लोगों की मित्रता करनी चाहिए जिनमें हमसे अधिक आत्म-बल हो।

**( ग )** ''हमें मित्रों का पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था।'' इस पंक्ति से लेखक का क्या आशय है?

उत्तर— जिस प्रकार सुग्रीव राम का साथ पाकर अपने राज्य और पत्नी को पुन: प्राप्त कर सका उसी प्रकार हमें भी ऐसे ही योग्य मित्र का साथ करना चाहिए जो हमारी हर मुसीबत में सहायता करे।

**( घ )** गद्यांश को पढ़कर उचित शीर्षक लिखो।

उत्तर— 'सच्चा मित्र'।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** चिंताशील मनुष्य **प्रफुल्लित** चित्त का साथ ढूँढ़ता है।

**( ख )** उच्च आकांक्षावाला चंद्रगुप्त युक्ति और उपाय के लिए **चाणक्य** का मुँह देखता था।

**( ग )** सच्ची मित्रता में उत्तम वैद्य की-सी **निपुणता** और परख होती है।

**( घ )** **कुसंग** का ज्वर सबसे भयानक होता है।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** जो सदैव हमारी बात मानते हों, ऐसे लोगों का साथ बुरा क्यों है?

उत्तर— जो सदैव हमारी बात मानते हों ऐसे लोगों का साथ इसलिए बुरा है क्योंकि ऐसे लोग न तो हमें गलत बात से रोकते हैं न ही हमें कोई अच्छी सलाह देते हैं।

**( ख )** हमें, अपने मित्रों से क्या आशा रखनी चाहिए?

उत्तर— हमें अपने मित्रों से आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों से हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएँगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे जब हम हतोत्साहित होंगे, तब हमें उत्साहित करेंगे।

**( ग )** ईश्वर हमें कैसे मित्रों से दूर रखें?

**उत्तर—** जो मित्र हमारे लिए कुछ नहीं कर सकते हैं, न कोई बुद्धिमानी या विनोद की बातचीत कर सकते हैं, न कोई अच्छी बात बतला सकते हैं न सहानुभूति द्वारा हमें ढाँढ़स बँधा सकते हैं, न हमारे आनंद में सम्मिलित हो सकते हैं, न हमें कर्त्तव्यों का ध्यान दिला सकते हैं ईश्वर हमें ऐसे मित्रों से दूर ही रखें।

**( घ )** बुरी और फूहड़ बात में क्या विशेषता है?

**उत्तर—** बुरी और फूहड़ बात जल्दी ध्यान में चढ़ जाती है।

**( ङ )** हृदय को उज्ज्वल और निष्कलंक रखने का सबसे अच्छा उपाय क्या है?

**उत्तर—** हृदय को उज्ज्वल और निष्कलंक रखने का सबसे अच्छा उपाय यही है कि बुरी संगति की छूत से बचो।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. संधि विच्छेद करो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाशोन्मुख | **नाश + उन्मुख** | सारांश | **सार + अंश** |
| दुर्भाग्य | **दुः + भाग्य** | स्वच्छंद | **स्व + छंद** |
| उज्ज्वल | **उत् + ज्वल** | निष्कलंक | **निः + कलंक** |

**7. समास-विग्रह करो—**

| | |
|---|---|
| पथ प्रदर्शक | **पथ का प्रदर्शन करने वाला।** |
| विश्वासपात्र | **विश्वास के योग्य** |
| शोचनीय | **जिसके विषय में सोचा जाए** |
| आत्म-बल | **आत्मा का बल** |

**8. उपसर्ग व मूल शब्द अलग-अलग करो—**

| | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|
| प्राचीन | **प्रा** | **चीन** |
| कुमार्ग | **कु** | **मार्ग** |
| आचरण | **आ** | **चरण** |
| प्रकृति | **प्र** | **कृति** |

**9. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| मृदुल | गंगा का जल बहुत **मृदुल** होता है। |
| प्रतिष्ठित | रामू के पिता एक **प्रतिष्ठित** व्यक्ति थे। |
| प्रगाढ़ | श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता बड़ी ही **प्रगाढ़** थी। |
| विश्वासपात्र | राहुल एक **विश्वासपात्र** मित्र है। |

# 16 आदमी को कितनी ज़मीन चाहिए

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** सोना कौन था?

**उत्तर—** एक किसान।

(ख) गाँववाले सोना से क्यों जलते थे?

उत्तर— क्योंकि वह सबसे अधिक संपन्न था।

(ग) परदेसी कहाँ से आ रहा था?

उत्तर— ब्रह्मपुत्र नदी के पास से।

(घ) लेखक ने मनुष्य का स्वभाव कैसा बताया?

उत्तर— मनुष्य को जितना सुख मिलता है वह उससे अधिक सुख प्राप्त करने कि इच्छा करने लगता है।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

सोना ने दस हजार टोपी पर रख दिए। उसने एक रूमाल में रोटियाँ रखीं। पानी की बोतल ली और फावड़ा भी ले लिया। अपनी धोती कसकर और आस्तीनें चढ़ाकर वह चलने के लिए तैयार हो गया। वह यह नहीं तय कर पा रहा था कि पहले किस दिशा में चला जाए।

(क) सोना ने टोपी पर रख दिए—

फल ☐ सब्जी ☐ दस हजार रुपये ☑ किताब ☐

(ख) सोना ने अपने साथ ली—

रोटियाँ ☐ पानी की बोतल ☐ फावड़ा ☐ सभी ☑

(ग) सोना तय नहीं कर पा रहा था कि वह—

घर जाए या नहीं ☐ उसे कौन-सा व्यापार करना चाहिए ☐

क्या खाए ☐ पहले किस दिशा की ओर चला जाए ☑

**3. सोचो और रिक्त स्थान भरो—**

(क) **1464** गज = 1 मील

(ख) 1 इंच = **2.54** सेंटीमीटर

(ग) **39.3701** इंच = 1 मीटर

(घ) 5 मील = **8.045** किलोमीटर

(ङ) **12** इंच = 1 फुट

(च) **3** फुट = 1 गज

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पठित परिच्छेद (Seen Passage)**

**4. गद्यांश के आधार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

सोना बहुत थक गया था। उसके लिए आगे बढ़ना कठिन हो रहा था। धूप और गर्मी ने उसकी सारी शक्ति चूस ली थी। पैरों में छाले पड़ गए थे। टाँगें उठती न थीं। सूरज ढल रहा था। इसलिए आराम करने के लिए समय न था। फिर भी वह तेज चाल से आगे बढ़ा जा रहा था। उसने बास्केट, टोपी, जूते सब फेंक दिए। उसकी साँस फूल रही थी। उसे बस यही चिंता थी कि सूरज डूबने से पहले टेकड़ी तक कैसे पहुँचूँगा। वह दौड़ने लगा उसकी छाती जोर-जोर से धड़क रही थी । उसे इस बात का डर था कि थकान के कारण वह गिरकर मर ही न जाए। पर उसने दौड़ना बंद न किया। वह उन लोगों के सामने हारकर अपनी हँसी नहीं कराना चाहता था।

(क) थकने के बाद भी सोना आगे बढ़ता गया। क्यों?

उत्तर— सोना थकने के बाद भी आगे बढता गया क्योंकि वह अधिक-से-अधिक जमीन लेना चाहता था।

(ख) सोना की क्या चिंता थी?

उत्तर— सोना इस बात की चिंता थी कि सूरज डूबने से पहले टेकडी तक कैसे पहुँचेगा।

(ग) सोना को क्या डर था?

उत्तर— सोना को डर था कि थकान के कारण वह गिरकर मर ही न जाए।

(घ) सोना ने दौड़ना बंद क्यों नहीं किया?

उत्तर— सोना ने दौड़ना बंद नहीं किया क्योंकि वह लोगों के सामने हारकर अपनी हँसी नहीं कराना चाहता था।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** लोगों के इकट्ठा होने तक **मुखिया** भी आ गया।

**( ख )** एक **सौदागर** रात हो जाने के कारण सोना के घर ठहर गया।

**( ग )** गाँव की पंचायत ने उसे **एक सौ** एकड़ जमीन पट्टे पर दे दी।

**( घ )** टेकड़ी पर खड़े लोग चिल्लाकर उसका **उत्साह** बढ़ा रहे थे।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** परदेसी ने सोना को क्या बताया?

उत्तर— परदेसी ने सोना को बताया कि ब्रह्मपुत्र नदी के पास नई बस्ती बसाई जा रही है। इस बस्ती में बसने वाले हर आदमी को बीस एकड़ जमीन मुफ्त दी जा रही है। वहाँ की जमीन यहाँ की जमीन से अधिक उपजाऊ है। वहाँ का किसान बहुत जल्दी उन्नति करता है और धनी हो जाता है।

**( ख )** सौदागर ने सोना को क्या बताया?

उत्तर— सौदागर ने सोना को बताया कि नदी के पार इतनी जमीन है कि जितनी चाहो जोत लो।

**( ग )** मुखिया ने जमीन के लिए क्या शर्त रखी?

उत्तर— मुखिया ने जमीन के लिए शर्त रखी कि सोना जहाँ से चलेगा उसी स्थान पर उसी दिन सूर्यास्त से पहले न लौट पाया तो उसे जमीन नहीं मिलेगी और उसके दस हजार रुपये जब्त कर लिए जाएँगे।

**( घ )** सोना रात को क्यों नहीं सो पाया?

उत्तर— जमीन के बारे में सोचने के कारण सोना रात में न सो पाया।

**( ङ )** अंत में किसान को कितनी जमीन की आवश्यकता पड़ी?

उत्तर— अंत में किसान को दो मीटर जमीन की आवश्यकता पड़ी।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. वाक्यों में कारक रेखांकित करके उनके भेद लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **( क )** | सोना एक किसान था। | **कर्त्ता कारक** |
| **( ख )** | सोना ने अपने आदमियों को जगाया। | **कर्म कारक** |
| **( ग )** | वह कठिनाई से तीन किलोमीटर ही चला था। | **अपादान कारक** |
| **( घ )** | सोना के लिए अब केवल दो मीटर जमीन काफी थी। | **संप्रदान कारक** |

**8. दो-दो शब्द बनाओ—**

| | | |
|---|---|---|
| न् + न = न्न | **अन्न** | **प्रसन्न** |
| च् + छ = च्छ | **स्वच्छ** | **अच्छा** |
| त् + स = त्स | **उत्सव** | **वत्स** |
| स् + व = स्व | **स्वस्थ** | **स्वच्छंद** |

**9. शुद्ध रूप पर ( ✓ ) लगाओ—**

| | | |
|---|---|---|
| रुमाल/रूमाल ✓ (रूमाल) | क्षितिज/क्षितीज ✓ (क्षितिज) | सांस/साँस ✓ (साँस) |
| परेदशी/परदेसी ✓ (परदेसी) | सूर्योदय/सुयोर्दय ✓ (सूर्योदय) | खुसहाल/खुशहाल ✓ (खुशहाल) |

**10. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

यद्यपि — **यद्यपि** बारिश नहीं हुई फिर भी फसल अच्छी हुई।

सूर्योदय — हमें **सूर्योदय** से पहले उठना चाहिए।

पर्याप्त — सभी को **पर्याप्त** मात्रा में पानी पीना चाहिए।

स्वागत — विद्यार्थियों ने विद्यालय में अतिथिगण का **स्वागत** किया।

# 17 भोलाराम का जीव

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** चित्रगुप्त बार-बार पन्ने पलटकर रजिस्टर क्यों देख रहे थे?

उत्तर— भोलाराम के जीव को ढूँढ़ने के लिए।

**(ख)** भोलाराम के जीव को देह त्यागे कितने दिन हो गए थे?

उत्तर— पाँच दिन।

**(ग)** जब चित्रगुप्त ने जोर से रजिस्टर बंद किया तो चपेट में कौन आ गया?

उत्तर— मक्खी।

**(घ)** भोलाराम के जीव को ढूँढ़ने के लिए पृथ्वी पर कौन आया?

उत्तर— नारद जी।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

चित्रगुप्त ने रजिस्टर देखकर बताया—"भोलाराम नाम था उसका। जबरपुर शहर के धमापुर मोहल्ले में नाले के किनारे एक डेढ़ कमरे के टूटे-फूटे मकान में वह परिवार समेत रहता था। उसके एक स्त्री थी, दो लड़के और एक लड़की। उम्र लगभग पैंसठ साल। सरकारी नौकर था, पाँच साल पहले रिटायर हो गया था।

**(क)** भोलाराम जहाँ रहता था उस मोहल्ले का नाम था—

सूरजपुर ☐ जबरपुर ✓ धमापुर ☐ रायपुर ☐

**(ख)** भोलाराम के संतान थीं—

दो ☐ एक ☐ तीन ✓ पाँच ☐

**(ग)** भोलाराम को रिटायर हुए कितने साल हो गए थे—

दो ☐ तीन ☐ चार ☐ पाँच ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. दिए गए शब्द जाल में से वाद्य यंत्रों के नाम ढूँढ़कर उन पर गोला बनाओ—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | मा | नु | पु | र | क्क | श | झा |
| ग | श | ली | त | ब | ला | ह | मि |
| आ | बाँ | ष | न्न | द | व | ना | वी |
| सि | सु | म | ल | इ | व | ई | णा |
| ता | री | मा | ढो | ल | क | ह | प |
| र | ग | ला | क्ष | ग | द | ख | ङ |

सितार
तबला
ढोलक
वीणा
बाँसुरी

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पठित परिच्छेद (Seen Passage)

**4. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

नारद बड़े साहब के कमरे में पहुँचे। बाहर चपरासी ऊँघ रहा था, इसलिए उन्हें किसी ने छेड़ा नहीं। उन्हें एकदम बिना विजिटिंग कार्ड के आया देख साहब बड़े नाराज हुए। बोले—''इसे कोई मंदिर-वंदिर समझ लिया क्या? धड़धड़ाते हुए चले आए। चिट क्यों नहीं भेजी?''

**(क)** बड़े साहब के पास कौन पहुँचा?

उत्तर— बड़े साहब के पास नारदजी पहुँचे।

**(ख)** नारद जी को किसी ने क्यों नहीं रोका?

उत्तर— नारद जी को किसी ने नहीं रोका क्योंकि चपरासी ऊँघ रहा था।

**(ग)** नारद जी को आया देखकर बड़े साहब क्यों नाराज हुए?

उत्तर— नारद जी को बिना विजिटिंग कार्ड के आया देखकर बड़े साहब नाराज हुए।

**(घ)** नारद जी बड़े साहब के पास क्यों गए थे?

उत्तर— भोलाराम की पेंशन शुरू कराने के लिए नारद जी बड़े साहब के पास गए थे।

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. किसने कहा, किससे कहा?**

**(क)** ''आज तक मैंने ऐसा धोखा न खाया था।'' — **यमदूत** ने **चित्रगुप्त** से

**(ख)** ''उस पर इनकम टैक्स तो बकाया नहीं था।'' — **नारद** ने **चित्रगुप्त** से

**(ग)** ''इसे कोई मंदिर-वंदिर समझ लिया क्या?'' — **बड़े साहब** ने **नारद** से

**(घ)** ''मैं अपनी दरखास्तें छोड़कर नहीं जा सकता।'' — **भोलाराम** ने **नारद** से

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** चित्रगुप्त व धर्मराज क्यों चिंतित थे?

उत्तर— चित्रगुप्त व धर्मराज भोलाराम का जीव न मिलने के कारण चिंतित थे।

**(ख)** धर्मराज ने चित्रगुप्त से क्यों कहा कि ''तुम्हारी भी रिटायर होने की उम्र आ गई?''

उत्तर— क्योंकि धर्मराज को लगा रहा था आयु की अधिकता के कारण चित्रगुप्त अपना कार्य ठीक प्रकार से नहीं कर पा रहे हैं।

**(ग)** नरक में निवास स्थान की समस्या को किसने हल किया?

उत्तर— नरक में निवास स्थान की समस्या कारीगरों इमारतों के ठेकेदारों, इंजीनियरों तथा ओवर सीयर ने हल किया।

**(घ)** नारद ने भोलाराम का मकान कैसे पहचाना?

उत्तर— माँ बेटी के सम्मिलित क्रंदन से ही नारद ने भोलाराम का मकान पहचान लिया।

**(ङ)** अंत में भोलाराम का जीव कहाँ मिला? वह स्वर्ग क्यों नहीं जाना चाहता था?

उत्तर— अंत में भोलाराम का जीव एक फाइल में मिला वह स्वर्ग नहीं जाना चाहता था क्योंकि वह अपनी पेंशन की दरखास्तों को छोड़कर नहीं जा सकता था।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. वाक्यों को दिए गए निर्देशानुसार बदलो—**

**(क)** भोलाराम का जीव कहाँ है? (भविष्यत् काल)

**भोलाराम का जीव कहाँ होगा?**

**(ख)** वह लापता है। (भूतकाल)

**वह लापता था।**

(ग) द्वार पर जाकर उन्होंने आवाज लगाई। (संदिग्ध भविष्यत् काल)

**द्वार पर जाकर उन्होंने आवाज लगाई होगी।**

(घ) परिवार की तलाश में काफी घूमना पड़ेगा। (पूर्ण भूतकाल)

**परिवार की तलाश में काफी घूमना पड़ता था।**

(ङ) उसकी शादी हो जाएगी। (वर्तमान काल)

**उसकी शादी है।**

**8. पाठ में से अंग्रेजी शब्द छाँटकर लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **अलॉट** | **पार्सलों** | **टैक्स** |
| **रिटायर** | **पेंशन** | **ऑर्डर** |

**9. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मालिक | **मालकिन** | स्त्री | **पुरुष** |
| महाराज | **महारानी** | नेता | **नेत्री** |

**10. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ईंद्रजल | **इंद्रजाल** | कूर्सी | **कुर्सी** |
| भौलारम | **भोलाराम** | धमर्राज | **धर्मराज** |
| णरक | **नरक** | रूपया | **रुपया** |

**11. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| ब्रह्मांड | **ब्रह्मांड** में अनेक नक्षत्र हैं। |
| दरखास्त | मोहन ने अनेक बार सरकारी कार्यालय में **दरखास्त** लगाई। |
| असंख्य | महाभारत के युद्ध में **असंख्य** सैनिकों ने भाग लिया। |
| नगण्य | हाथी के समझ चींटी की ताकत को **नगण्य** नहीं समझना चाहिए। |

## सतत मूल्यांकन-IV (Continuous Evaluation-IV) (पाठ 14 से 17)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) कैसे मित्र औषध के समान है?

उत्तर— विश्वासपात्र मित्र।

(ख) गाँववाले सोना से क्यों जलते थे?

उत्तर— क्योंकि वह सबसे अधिक संपन्न था।

(ग) चित्रगुप्त बार-बार पन्ने पलटकर रजिस्टर क्यों देख रहे थे?

उत्तर— भोलाराम के जीव को ढूँढ़ने के लिए।

(घ) भोलाराम के जीव को ढूँढ़ने के लिए पृथ्वी पर कौन आया?

उत्तर— नारद जी।

**2. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) देश की रक्षा करनी है—

नेताओं से ☐ प्रतिकूल हवाओं से ☑ अभिनेताओं से ☐ किसी से नहीं ☐

(ख) सच्चा मित्र, मित्र के हानि लाभ को—

अपना फायदा समझता है। ☐ अपनी तरक्की समझता है। ☐

अपनी खुशी मानता है। ☐ अपनी हानि-लाभ समझता है। ☑

(ग) सोना ने टोपी पर रख दिए—

फल ☐ सब्ज़ी ☐ दस हजार रुपये ☑ किताब ☐

(घ) भोलाराम जहाँ रहता था उस मोहल्ले का नाम था—

सूरजपुर ☐ जबरपुर ☑ धमापुर ☐ रायपुर ☐

**3. 'अपना देश सँवारें हम' कविता सुनाओ।**

**4. बूझो पहेली—**

**सोचो और रिक्त स्थान भरो—**

(क) **1464** गज = 1 मील

(ख) 1 इंच = **2.54** सेंटीमीटर

(ग) **39.3701** इंच = 1 मीटर

(घ) 5 मील = **8.045** किलोमीटर

(ङ) **12** इंच = 1 फुट

(च) **3** फुट = 1 गज

## समग्र मूल्यांकन-I (Comprehensive Evaluation-I) (पाठ 1 से 9)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) विप्र महाराज साल में दो बार **खलिहानी** किया करते थे।

(ख) आशा ही संसार की **संचालक** शक्ति है।

(ग) कुछ नौजवानों ने **ड्राइवर** को पकड़कर मारने-पीटने का हिसाब बनाया।

(घ) मेरे बच्चे भोजन और पानी के लिए **व्याकुल** थे।

**2. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) विप्र ने दस्तावेज़ में क्या शर्तें लिखीं?

**उत्तर**— विप्र ने दस्तावेज में शर्तें लिखीं कि बाजार भाव पाँच सेर का है जिसके आधार पर गेहूँ का मूल्य हुआ साठ रुपये उस पर तीन रुपये सैकड़े का सूद। साल भर में न देने पर सूद की दर साढ़े तीन रुपये सैकड़ा होगी।

(ख) सत्य ने तीनों पेड़ों के बारे में राजा भोज से क्या कहा?

**उत्तर**— सत्य ने तीनो पेड़ों के बारे में राजा भोज से कहा कि ये उसके तप के फल कदापि नहीं हैं इनको तो इस पेड़ पर उसके अंहकार ने लगा रखा है।

(ग) राजेंद्र बाबू अपनी पौत्रियों को दिल्ली क्यों नहीं ले गए?

**उत्तर**— राजेंद्र बाबू अपनी पौत्रियों को दिल्ली इसलिए नहीं ले गए जिससे अहंकार से उनकी पौत्रियों का दिमाग खराब न हो जाए।

(घ) लोग ड्राइवर को क्यों पीटना चाहते थे?

**उत्तर**— लोग ड्राइवर को पीटना चाहते थे क्योंकि उन्हें संदेह था कि उन्हें धोखा दिया जा रहा है।

(ङ) छोटा जादूगर का खेल न जमने का क्या कारण था?

**उत्तर**— छोटे जादूगर का खेल न जमने का कारण था कि उसकी माँ ने उसे आज तुरंत आने को कहा था क्योंकि उसकी माँ की घड़ी समीप थी।

**3. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| पश्चात्ताप | अंत में राजा भोज को **पश्चात्ताप** हुआ। |
| अचूक | अर्जुन का निशाना **अचूक** था। |
| भीषण | महाभारत में कौरवों और पांडवों के बीच **भीषण** युद्ध हुआ। |
| धुँधला | बिना चश्मे के मेरे दादाजी को **धुँधला** दिखता है। |

**4. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

हिमालय—**गिरिराज, पर्वतराज** प्रसून—**पुष्प, सुमन** सेवक—**दास, नौकर**

**5. विलोम शब्द लिखो—**

वर्तमान — **भूतकाल** दुष्पाच्य — **सुपाच्य** **गुलामी** — आजादी

तिमिर — **उजाला** क्रूर — **अक्रूर**

**5. गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

एक बार रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते हुए गलती से मैंने दस के बजाए सौ रुपये का नोट दिया और मैं जल्दी-जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गया। थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ। उसने मुझे पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ मेरे हाथ में नब्बे रुपये रख दिए और बोला, ''यह बहुत गलती हो गई थी। आपने भी नहीं देखा, मैंने भी नहीं देखा'' उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी। मैं चकित रह गया।

**(क)** रेलवे स्टेशन पर लेखक से क्या गलती हो गई?

**उत्तर**— रेलवे स्टेशन पर लेखक ने टिकट लेते हुए दस के बजाए सौ रुपये का नोट दे दिया।

**(ख)** टिकट बाबू डिब्बे में आकर प्रत्येक आदमी का चेहरा क्यों देख रहे थे?

**उत्तर**— टिकट बाबू डिब्बे में आकर प्रत्येक आदमी का चेहरा देख रहे थे क्योंकि वे नब्बे रुपये लौटाना चाहते थे।

**(ग)** टिकट बाबू ने लेखक से क्या कहा?

**उत्तर**— टिकट बाबू ने लेखक से कहा कि यह बहुत गलती हो गई थी। आपने भी नहीं देखा, उसने भी नहीं देखा।

**(घ)** ''टिकट बाबू के चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी।'' क्यों?

**उत्तर**— टिकट बाबू के चेहरे पर संतोष की गरिमा थी क्योंकि उन्होंने लेखक के नब्बे रुपये लौटा दिए थे जो गलती से उसके पास रह गए थे।

## समग्र मूल्यांकन-II (Comprehensive Evaluation-II) (पाठ 10 से 17)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

नए सृजन के **संवाहक** हम
प्रगति पंथ **के राही** हैं,
हम **प्रतिबद्ध पहरुए** युग के,
हम **सन्नद्ध** सिपाही हैं।

**2. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** जंगली लोगों ने किन चीजों को देवता बना दिया?

**उत्तर**— जंगली लोगों ने नदी, पहाड़, जानवर आदि चीजों को देवता बना दिया।

**(ख)** लेखक ने हकीम जी का वर्णन किन शब्दों में किया?

**उत्तर**— हकीम साहब चिकन का बंदपाक कुरता पहने हुए थे सिर पर बनारसी लोटे की तरह टोपी रखी हुई थी। पाँव में पजामा ऐसा मालूम होता है चूड़ीदार पजामा बनने वाला था। जूता कमदार दिल्ली वाला था। हकीम साहब पतले दुबले इतने थे कि मालूम पड़ता था अपनी तंदरूस्ती अपने मरीजों को बाँट दी है। हकीम साहब में नजाकत भी बला की थी। रहते थे बनारस में मगर कान काटते थे लखनऊ के।

**(ग)** हमें अपने मित्रों से क्या आशा रखनी चाहिए?

**उत्तर**— हमें अपने मित्रों से आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों से हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएँगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे। जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगें तब वे हमें सचेत करेंगे जब हम हतोत्साहित होंगे तब हमें उत्साहित करेंगे।

(घ) मुखिया ने जमीन के लिए क्या शर्त रखी?

**उत्तर**— मुखिया ने जमीन के लिए शर्त रखी कि सोना जहाँ से चलेगा उसी स्थान पर उसी दिन सूर्यास्त से पहले न लौट पाया तो उसे जमीन न ही मिलेगी और उसके दस हजार रुपये जब्त कर लिए जाएँगे।

(ङ) नरक में निवास स्थान की समस्या को किसने हल किया?

**उत्तर**— नरक में निवास स्थान की समस्या को कारीगरों, इमारतों के ठेकेदारों, इंजीनियरों, ओवर सीयर ने हल किया।

**3. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| उत्पात | अध्यापक की अनुपस्थिति में छात्र कक्षा में बहुत **उत्पात** मचाते हैं। |
| विश्वासपात्र | राजपूत योद्धा बड़े **विश्वासपात्र** होते थे। |
| स्वागत | अच्छे विचारों का खुले दिल से **स्वागत** करना चाहिए। |
| सूर्योदय | प्रात: **सूर्योदय** से पहले उठना स्वास्थ्यवद्र्धक होता है। |

**4. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

**नदी** — सरिता, नद

**घोड़ा** — अश्व, बाजि

**विद्यार्थी** — छात्र, शिष्य

**बंदर** — वानर, कपि

**5. संधि विच्छेद करो—**

उज्ज्वल — **उत् + ज्वल**

सारांश — **सार + अंश**

दुर्भाग्य — **दुः + भाग्य**

निष्कलंक — **निः + कलंक**

**5. लिंग बदलकर लिखो—**

भाग्यवान — **भाग्यवती**

कवि — **कवयित्री**

श्रीमान — **श्रीमती**

चिकित्सक — **चिकित्सिका**

**5. गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

मित्र का कर्त्तव्य इस प्रकार बताया गया है, "उच्च और महान् कार्यों में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी-अपनी सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ।" यह कर्त्तव्य उसी से पूरा होगा, जो दृढ़ चित्त और सत्य-संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें हमसे अधिक आत्म-बल हो। हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरुषार्थी हों, शिष्ट और सत्य-निष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे छोड़ सकें और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा न होगा।

(क) मित्र का क्या कर्त्तव्य है?

उत्तर— उच्च और महान कार्यों में इस प्रकार सहायता देना मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी-अपनी सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ।

(ख) हमें कैसे लोगों से मित्रता करनी चाहिए?

उत्तर— हम उन लोगों की मित्रता करनी चाहिए जिनमें हमसे अधिक आत्म-बल हो।

(ग) ''हमें मित्रों का पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था।'' इस पंक्ति से लेखक का क्या आशय है?

उत्तर— जिस प्रकार सुग्रीव राम का साथ पाकर अपने राज्य और पत्नी को पुन: प्राप्त कर सका उसी प्रकार हमें भी ऐसे ही योग्य मित्र का साथ करना चाहिए जो हमारी हर मुसीबत में सहायता करे।

(घ) गद्यांश को पढ़कर उचित शीर्षक लिखो।

उत्तर— 'सच्चा मित्र'।